# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 15 ■ अंक - 315 ■ अम्बिकापुर, शनिवार 14 दिसम्बर 2024 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


## फ्रंटलाइन खबर

### नाना पटोले छोड़ना चाहते हैं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में कांग्रेस को अब तक की सबसे बुरी हार का सामना करने के कुछ दिनों बाद, इसकी राज्य इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने केंद्रीय नेतृत्व से उन्हें संगठनात्मक पद की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया। नाना पटोले ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को एक पत्र लिखा, जहां उन्होंने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त करने का अनुरोध किया और नई कार्यकारिणी की नियुक्ति के साथ-साथ राज्य कार्यकारिणी को भंग करने के लिए कहा, ताकि राज्य में कांग्रेस एक बार फिर मजबूत हो सकती है।

### वैवाहिक आयोजन में ग्रामीण पर रॉड से हमला

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** वैवाहिक आयोजन में शामिल होने गए एक व्यक्ति से गालीगलौज करते हुए कुछ युवकों ने रॉड से हमला कर दिया। मारपीट में आहत की रिपोर्ट पर गांधीनगर थाना पुलिस ने एक नामजद सहित अन्य के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

थाना गांधीनगर अंतर्गत ग्राम नर्मदापारा निवासी बोधन राजवाड़े ने पुलिस को बताया है कि 11 दिसम्बर को रात करीब 10 बजे वह प्रहलाद के शादी कार्यक्रम में शामिल होने आमापारा नर्मदापारा गया था। इस दौरान जगदम्बा यादव एवं उसके अन्य साथी पहले से वहां मौजूद थे। इनके द्वारा वैवाहिक आयोजन में क्यों आए हो, कहते हुए अकारण गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथापाई की गई। इसका विरोध करने पर जगदम्बा यादव रॉड सिर में वार कर दिया, जिसमें उसे सिर, पेट, कमर में चोट आई है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# संघ, बीजेपी और अडाणी, प्रियंका गांधी के पांच सबसे घातक हमले

**नई दिल्ली।** लोकसभा में संविधान पर चर्चा में 13 दिसंबर को कांग्रेस की ओर से हिस्सा लेते हुए प्रियंका गांधी ने संसद में अपना पहला स्पीच भी दिया. अपने भाषण में प्रियंका गांधी ने राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ, बीजेपी और गौतम अडाणी को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने कहा, जब चुनाव में विपक्ष ने जाति जनगणना की आवाज उठाई तो इन्होंने जवाब दिया भैंस चुरा लेंगे, मंगलसूत्र



चुरा लेंगे. ये गंभीरता है इनकी. आप महिला शक्ति की बात करते हैं. चुनाव की वजह से आज इतनी बात हो रही है. संविधान में महिलाओं को अधिकार दिया और उसे वोट में परिवर्तित किया. आज आपको पहचानना पड़ा कि उनकी शक्ति के बिना आपकी सरकार नहीं बन सकती. नारि शक्ति अधिनियम लागू क्यों नहीं करते. क्या आज की नारी दस साल इंतजार करेगी?

### गौतम अडाणी के नाम पर सदन में बरपा हंगामा

प्रियंका गांधी ने कहा, सत्ता पक्ष के साथी पुरानी बातें करते हैं. नेहरू जी ने क्या किया? वर्तमान की बात करिए. आप क्या कर रहे हैं? आपकी जिम्मेदारी क्या है? सारी जिम्मेदारी जवाहरलाल नेहरू की है? ये सरकार बेरोजगारी से जूझ रही जनता को क्या दे रही है. एमएसपी तो छोड़िए डीएपी तक नहीं मिल रहा है. वायनाड से ललितपुर तक देश का किसान रो रहा है. इस देश का किसान भगवान भरोसे. कांग्रेस लंबे वक्त से गौतम अडाणी का मुद्दा सदन में उठाती रही हैं. प्रियंका ने भी अडाणी मुद्दे पर लोकसभा में कहा, देश देख रहा है कि एक व्यक्ति को बचाने के लिए ये सब हो रहा है. सारे मौके, सारे संसाधन एक ही व्यक्ति को दिए जा रहे हैं. आम लोगों के मन में ये धारणा बन रही है कि सरकार अडाणी के मुनाफे के लिए काम कर रही है. जो गरीब है वो और गरीब हो रहा है. जो अमीर है, वो और अमीर हो रहा है.

### आरएसएस का संविधान भारत का संविधान नहीं है

राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ पर निशाना साधते हुए कांग्रेस सांसद ने कहा, अगर लोकसभा चुनाव के नतीजे नहीं आते तो वे (भाजपा) संविधान बदलना शुरू कर देते. सच तो यह है कि भाजपा अब संविधान की बात करती है क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनावों में पता चला है कि लोग इसकी रक्षा कर रहे हैं. शायद वे यह नहीं समझ पाए हैं कि भारत का संविधान संघ का संविधान नहीं है.

उन्होंने कहा, ऐसा डर तो अंग्रेजों के राज में था. जब गांधी की विचारधारा वाले लोग लड़ाई लड़ रहे थे और उस तरफ की विचारधारा वाले लोग भय में रहकर अंग्रेजों से सांठगांठ कर रहे थे. भय फैलाने वाले खुद भय का शिकार बन जाता है. भय फैलाने वाले आलोचना से घबराते हैं. चर्चा की मांग करते हैं, लेकिन चर्चा करने की हिम्मत नहीं है.

### पीएम पर प्रियंका का निशाना

पीएम मोदी का नाम लिए बगैर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, पुराने जमाने में कहानियों में राजा भेष बदलकर जनता से उनकी राय जानता था. आज के राजा को भेष बदलने का शौक तो है लेकिन जनता के बीच जाने और आलोचना सुनने की हिम्मत नहीं है. भय की एक सीमा होती है. जब किसी को इतना दबाया जाता है तब उसके सामने ऐसी शक्ति पैदा होती है. ये देश कायरों के हाथों में ज्यादा दिन कभी नहीं रहा. ये देश उठेगा, ये देश लड़ेगा. सत्यमेव जयते.

# अपहरण करके रीना को फेंका नदी में, ससुर ने मारने के लिए दिए थे 30 हजार

## महिला की हत्या कर साक्ष्य मिटाने का प्रयास, 4 गिरफ्तार



**छ.ग.फ्रंटलाइन बलरामपुर।** गढ़वा के बेलचम्पा कोयल नदी पुल के पास अज्ञात महिला का शव मिलने के मामले में पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। मृतका की पहचान रीना गिरी के रूप में हुई, जिसकी हत्या ससुराल पक्ष द्वारा साजिश के तहत की गई थी।

बता दें कि 30 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली कि बेलचम्पा पुल के पोल संख्या-11 के पास कोयल नदी में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा। जांच में पता चला कि महिला की हत्या कर उसके शव को साक्ष्य छिपाने के लिए नदी में फेंका गया था। वहीं 6 नवंबर 2024 को मृतका की पहचान थाना लुंड्रा, जिला सरगुजा (छत्तीसगढ़) निवासी रीना गिरी के रूप में हुई। रीना के भाई बदला गिरी ने बताया कि रीना की शादी 2021 में बलरामपुर निवासी गुरुचंद मंडल से हुई थी। शादी के बाद से ही रीना को उसके ससुराल वालों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। झारखंड पुलिस द्वारा रमेश मंडल को गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि मृतका के ससुर शांति मंडल ने उसे रीना को मारने के लिए 30 हजार रुपये का लालच दिया था। 29 सितंबर की शाम रमेश ने अपने साथी बीरु लकड़ा की मदद से रीना को जबरदस्ती कार में बिठाकर उसका अपहरण कर लिया। रास्ते में उसका हाथ और मुंह बांधने के बाद गढ़वा के बेलचम्पा पुल से रीना को नदी में फेंक दिया। झारखंड पुलिस ने पूछताछ में पाया कि हत्या से पहले ससुराल वालों ने रीना को यह कहने के लिए मजबूर किया कि वह खुद अपनी मर्जी से घर छोड़ रही है। इसकी रिकॉर्डिंग बनाकर उन्होंने इसे खुद को निर्दोष साबित करने के लिए इस्तेमाल किया। झारखंड पुलिस ने घटना में प्रयुक्त कार क्रमांक सीजी 30 एफ 3479 और दो मोबाइल फोन बरामद किया है।

### झारखंड पुलिस ने किया मामले का पटाक्षेप

रीना गिरी के गुमशुदगी के बाद उसके पति गुरु चंद मंडल व आरोपियों से बलरामपुर पुलिस लगातार पूछताछ कर रही थी। पूछताछ के दौरान मृतका के पति गुरु चंद मंडल का संदेहास्पद तरीके से पुलिस कस्टडी में मौत होना सामने आया था। इसके बाद स्वजनों ने बलरामपुर सिटी कोतवाली थाने परिसर में तोड़फोड़ करते हुए जमकर उत्पात मचाया था। कुछ घंटे के लिए एनएच 343 को भी बाधित कर दिया था। इतना ही नहीं घटना के दूसरे दिन भी स्वजन मृतक के शरीर को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं थे। दूसरे दिन भी हंगामा मचाया गया और पुलिस से हाथापाई की गई। झारखंड पुलिस ने पूरे मामले की तहकीकात के बाद इसका पटाक्षेप कर दिया है। मामले में चार आरोपियों को झारखंड पुलिस ने जेल भेज दिया है।

### इन आरोपियों को भेजा जेल

0 रमेश मंडल, हत्या की योजना का मुख्य साजिशकर्ता।
0 शांती मंडल, मृतका के ससुर और हत्या का आदेश देने वाला।
0 लतिका मंडल, हत्या में सहयोगी।
0 बीरु लकड़ा, हत्या में प्रत्यक्ष रूप से शामिल।

# डबल इंजन की सरकार में मिल रहा डबल फायदा-जे.पी. नड्डा

## छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को मनाया जाएगा अटल निर्माण वर्ष के रूप में

**छ.ग.फ्रंटलाइन रायपुर।** देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली सरकार जनता की सेवा के लिए तत्पर होकर काम कर रही है। इसी का परिणाम है कि पूरे देश और प्रदेश में उत्तरोत्तर विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार होने की वजह से लोगों को डबल लाभ हो रहा है। आज भारत विश्व की पांचवी बड़ी आर्थिक शक्ति है। अगले पांच सालों में हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेंगे। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री जे.पी. नड्डा ने आज रायपुर के साइंस कॉलेज ग्राउंड में आयोजित जनादेश परब कार्यक्रम में लोगों को सम्बोधित करते हुए यह बात कही। केन्द्रीय मंत्री श्री नड्डा ने कार्यक्रम में 1124 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।



केन्द्रीय मंत्री नड्डा ने जनादेश परब में छत्तीसगढ़ सरकार के एक साल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार स्वप्रेरणा से लोकहित में पूरी जवाबदेही के साथ काम कर रही है। सरकार बनने के दूसरे ही दिन कैबिनेट की बैठक में प्रदेश के 18 लाख से अधिक जरूरतमंदों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति दी गई। मोदी की गारंटी के अनुरूप यहां किसानों से 3100 प्रति क्विंटल में धान खरीदी की जा रही है। किसानों को उनके हक का 3716 करोड़ रूपए धान के बकाया दो साल के बोनस का भुगतान भी किया गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनादेश परब में घोषणा की कि अब से हर साल 3 दिसंबर से 13 दिसंबर तक 'जनादेश परब' के रूप में मनाया जाएगा। आने वाले वर्ष में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष पूरे हो रहे हैं। राज्य निर्माता भारत रत्न अटलजी का यह शताब्दी वर्ष भी है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को 'अटल निर्माण वर्ष' के रूप में मनाने की घोषणा की। श्री साय ने कहा कि अटलजी ने प्रधानमंत्री के रूप में देश में सड़कों का जाल बिछाया। उसी से प्रेरणा लेकर हम अपने रजत जयंती वर्ष में अधोसंरचना विकास को प्राथमिकता में रखेंगे। उसके बाद के तीन वर्षों में भी हम अलग-अलग थीम पर काम करेंगे।

# पहले लोन पास करवाने में बना मददगार, बाद में 3.64 लाख अपने खाते में अंतरण किया

## लोन प्राप्त करने वाले दंपती के पास पहुंचे बैंक कर्मी, तो उड़ गए होश

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** लोन पास करवाने में सहयोग करने के बाद धोखाधड़ी करते हुए दंपती के बैंक खाते से 3 लाख 64 हजार रुपये निकालने की रिपोर्ट पर बतौली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिलमा निवासी कृषक हेमंत कुमार पैकरा 34 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि एचडीएफसी बैंक अंबिकापुर में वर्ष 2023 में गांव के ही लालचंद प्रजापति की मदद से उसके पिता होस राम पैकरा एवं मां धनेश्वरी के नाम से सामूहिक खाता खुला था, जिसमें लोन में प्राप्त 4 लाख 64 हजार रुपये जमा था। इसमें से 99 हजार 500 रुपये उन्होंने निकाला था। शेष रकम खाते में ही जमा था। 6 जून 2023 को उसके माता-पिता अंबिकापुर स्थित एचडीएफसी बैंक जाकर 49 हजार 500 रुपये और 17 अगस्त 2023 को कपंनी बाजार के पास स्थित बैंक में जाकर 50 हजार रुपये निकाले, दोनों बार लालचंद प्रजापति साथ में था। नवंबर 2024 में एचडीएफसी बैंक वालों ने कहा कि उन्हें लोन का पैसा ब्याज सहित करीब 6 लाख रुपये पटाना है, खाते में पैसा नहीं है। इस पर होस साय के पुत्र ने बताया कि उनके द्वारा सिर्फ एक लाख रुपये ही निकाला गया है, बाकी रकम खाते में जमा है। बैंक वालों ने बताया कि उनके खाते से लालचंद प्रतापति के खाता में रुपये ट्रांसफर हुआ है और बार-बार पैसा निकाला गया है। इसके बाद उन्हें लालचंद प्रजापति पर संदेह हुआ, जो घर में आकर कई बार कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराता था और एक बार ओटीपी भी लिया था। बहरहाल पुलिस ने 3 लाख 64 हजार रुपये की धोखाधड़ी के मामले में हेमन्त कुमार पैकरा की रिपोर्ट पर लालचंद के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

# अंतर्राज्यीय गिरोह की महिलाओं ने विवाह समारोह से उड़ाया था रुपये से भरा बैग, 5 गिरफ्तार

## स्विफ्ट कार के अलावा चोरी की रकम से खरीदे गए सामान, 5 हजार नकद जप्त



### इन आरोपियों को गिरफ्तार की पुलिस

0 रूबी छायल पति आकाश छायल 30 वर्ष निवासी ग्राम कड़यिा सांसी थाना बोडा जिला राजगढ़ मप्र।
0 संध्या सिसोदिया पति मंगल सिंह सिसोदिया 28 वर्ष निवासी गुरबेदी थाना बोडा जिला राजगढ़ मप्र।
0 उपासना सिसोदिया पति आदर्श भंवरिया निवासी ग्राम कड़िया सांसी थाना बोडा जिला राजगढ़ मप्र।
0 दिलीप सिसोदिया पिता स्व. मान सिंह सिसोदिया 35 वर्ष निवासी ग्राम कड़िया सांसी थाना बोडा जिला राजगढ़ मप्र।
0 श्याम सिसोदिया पिता निर्भय सिंह 25 वर्ष निवासी ग्राम कड़िया सांसी थाना बोडा जिला राजगढ़ मप्र।

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शादी समारोह से उठाईगिरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के 5 सदस्यों को इंदौर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट कार, नगदी एवं चोरी की रकम से खरीदे गए सामान को बरामद करने में सफलता हासिल की है। गिरोह के द्वारा पहले भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि बीते 03 दिसम्बर को दर्रीपारा निवासी पवन चौधरी की बहन का विवाह समारोह दर्रीपारा में ही स्थित होटल आदित्य ज्योति में था। विवाह समारोह में आशीर्वाद स्वरूप मिले लिफाफे सहित नगदी रकम एक लाख 40 हजार रुपये एक बैग में कमरे में रखा था। वैवाहिक आयोजन के बीच किसी अज्ञात महिला के द्वारा नगदी एवं लिफाफे से भरा बैग चोरी कर लेने की रिपोर्ट पवन चौधरी ने दर्ज कराई गई। रिपोर्ट पर थाना मणिपुर में धारा 303(2) बीएनएस का केस पंजीबद्ध करके विवेचना में लिया गया था। विवेचना दौरान पुलिस टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन किया एवं संदेहियों से बारीकी से पूछताछ की। जांच के क्रम में सामने आया कि एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार से आरोपी पहुंचे थे और दो संदिग्ध महिलाएं शादी समारोह स्थल में घुसकर बैग ले जाते हुए देखी गई। आरोपियों की पतासाजी एवं गिरफ्तारी हेतु पुलिस थाना मणिपुर एवं साइबर सेल अंबिकापुर की संयुक्त टीम बनाई गई थी। आरोपी महिला की पहचान रूबी छायल एवं साथियों के रूप में की गई, जो कड़िया सांसी जिला राजगढ़ मध्य प्रदेश गिरोह के सदस्य हैं। जांच में सामने आया कि अंतर्राज्यीय गिरोह के सक्रिय सदस्य पूरे भारत में अलग-अलग शहरों में जाकर शादी समारोह के दौरान होटल, लॉज एवं शादी घरों से कीमती जेवरात एवं नगदी की चोरी कर लेते हैं। प्रकरण के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम इंदौर मध्य प्रदेश जाकर क्षेत्रीय पुलिस के सहयोग से घेराबंदी करके आरोपियों को हिरासत में ली। आरोपियों से पूछताछ करने पर उन्होंने विवाह समारोह दौरान लिफाफे सहित नगदी रकम रखे बैग को चोरी करना स्वीकार किया। यही नहीं 9 फरवरी 2024 को अंबिकापुर स्थित भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा के एक ग्राहक के जेब से रुपये निकालने की घटना में इनकी संलिप्तता सामने आई है। श्री ढिल्लो ने बताया कि प्रकरण की विवेचना दौरान विधिवत कार्रवाई करते हुए आरोपियों के कब्जे से एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 09 जीडब्ल्यू 9383 एवं चोरी की रकम से खरीदे गए सामान एवं नगदी 5000 रुपये बरामद किया है। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपियों की गिरफ्तारी में थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक अखिलेश सिंह, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, प्रधान आरक्षक गणेश कदम, आरक्षक उमाशंकर साहू, अनुज जायसवाल, जितेश साहू, रमेश रजवाड़े, महिला आरक्षक किरण अमलावती की सक्रिय भूमिका रही। आरोपियों को गिरफ्तार करके न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# यहां गाड़ी खड़ा करके सोने पर 500 रुपये टैक्स देना पड़ेगा

## अवैध उगाही करने वाले कथित निगम के अधिकारी के विरूद्ध केस दर्ज




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** खुद को नगर निगम का अधिकारी बताकर टैक्स के रूप में रुपये की अवैध वसूली करने के मामले में पुलिस ने दर्रीपारा निवासी एक व्यक्ति के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिला के शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लोधी निवासी प्रमोद गुप्ता पिता चितरंजन प्रसाद गुप्ता 32 वर्ष ने कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह अपना स्वयं का ट्रक संचालन और व्यापार करता है। बीते 26 अक्टूबर को भोर में करीब 4 बजे वह अपने ड्रायवर श्रीनाथ कोरवा के साथ सामान लेकर अंबिकापुर आया था और रात हो जाने के कारण बस स्टैंड के पास रिंग रोड में गाड़ी को किनारे खड़ा कर के गाड़ी में ही सोया था। भोर में करीब 4 बजे एक व्यक्ति आया और अपने आप को नगर निगम का अधिकारी बताकर बोला कि यहां गाड़ी खड़ा करके सो रहे हो, जिसका टैक्स 500 रुपये देना पड़ेगा। जब उन्होंने कहा कि इससे पहले भी कई बार वे ट्रक लगाकर सोए हैं लेकिन कोई पैसा नहीं मांगा है। इतना सुनने के बाद उक्त व्यक्ति विवाद करने लगा तो वे बला टालने के लिए उसे 100 रुपये दिए, इसके बाद वह चला गया। लगभग आधे घण्टे के बाद वह पुन: आया और फिर पैसे की मांग करने लगा। जब उन्होंने कहा कि उनके पास पैसे नहीं हैं तो विवाद करके पुन: वहां से चला गया। कुछ देर बाद ट्रक से मोबाइल फोन गायब देखकर इनके होश उड़ गए। ऐसे में संदेह जाहिर किया गया है कि कथित नगर निगम का अधिकारी बताकर रुपये की वसूली करने वाले ने ही मोबाइल फोन चोरी किया है। प्रमोद गुप्ता ने पुलिस को बताया है कि 27 अक्टूबर को उनका ड्रायवर जान-बूझकर उसी जगह में ट्रक खड़ा करके रात में सोया था। वह व्यक्ति पुन: अलसुबह 4 बजे आया और पैसे की मांग करने लगा। इसके बाद ड्रायवर नीचे उतरकर उसे 100 रुपये दिया और मोबाइल के संबंध में पूछताछ किया तो वह भागने लगा। इसे ट्रक चालक पकड़ा तो वह व्यक्ति अपना नाम लालमन कुशवाहा निवासी दर्रीपारा बताया। ट्रक स्वामी की ओर से दी गई लिखित शिकायत पर पुलिस ने अवैध वसूली में लगे व्यक्ति के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

## छात्रावास अधीक्षक पर शासकीय चावल गमन का आरोप

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत सिलफिली में स्थित छात्रावास के राशन का गोलमाल किए जाने पर कलेक्टर को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की गई है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में सिलफिली गांव के लोगों द्वारा उल्लेख किया गया है कि प्री. मैट्रिक अजजा बालक छात्रावास सिलफिली में पदस्थ छात्रावास अधीक्षक तनय सिंह द्वारा 27 नवंबर 2024 की सायं 5 बजे बच्चों के लिए पीडीएस से प्राप्त चावल जो कि प्रति माह 15 बोरी के आस-पास आता है, जिसे कथित रूप से पीडीएस दुकान से ही चावल को बेच दिया गया है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि ग्रामीणों को जब उक्त मामले में शंका हुई तब छात्रावास के कर्मचारी एवं बच्चों से पूछा गया तो उनके जानकारी दी गई कि 4 दिसंबर 2024 तक कोई पीडीएस के चावल की बोरी छात्रावास में नहीं आया है। साथ ही यह भी आरोप लगाया गया है कि छात्रावास अधीक्षक तनय सिंह द्वारा स्कूल लगने के बाद बैरक को ताला बंद कर दिया जाता है, चूंकि मौसम के उतार चढ़ाव की वजह से छोटे-छोटे बच्चों को बुखार एवं स्वास्थ्य अचानक खराब होने पर स्कूल से जल्दी आने उपरांत बच्चों को बाहर ही रहना पड़ता है। अस्वस्थ्य छात्र अगर सायं 4 बजे तक बाहर रहे तो उस पर क्या असर होता है। कई बार ग्रामीण एवं आसपास के लोगों द्वारा ऐसा दृश्य देखा जा चुका है। ज्ञापन में ग्रामीणों द्वारा छात्रावास अधीक्षक तनय सिंह के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर उचित कार्यवाही करने की मांग की गई है।

# नवगठित नपं शिवनंदनपुर के संचालन समिति के खिलाफ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने खोला मोर्चा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर के नगर पंचायत बनने उपरांत राज्य शासन द्वारा संचालन समिति का गठन कर दिया गया है। इसके बाद शिवनंदनपुर से निर्वाचित सरपंच और पंचों को पदमुक्त कर दिया गया है। शिवंदनपुर की निर्वाचित सरपंच विमला सिंह द्वारा राज्य सरकार पर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ अन्याय करने की बात कही गई है।उन्होंने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार ने नगर पालिका अधिनियम 1961 के खिलाफ समिति का गठन किया गया है। साथ ही राजपत्र में प्रकाशित नगर पंचायत के कार्यवाहक संचालन समिति पर तत्काल रोक लगाने की बात कही गई है। निर्वाचित सरपंच विमला सिंह ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा विधानसभा चुनाव के पूर्व ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की गई थी। जिसके बाद अधिसूचना भी जारी किया गया था। जिसमें उल्लेखित किया गया था कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 (क्रमांक 37 सन 1961) की धारा 5 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद द्वारा ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर को नगर पंचायत के रूप में गठित किया गया है, लेकिन सरकार बदलते ही राज्य में बैठी भाजपा सरकार ने नगर पालिका अधिनियम 1961 (क्रमांक 37 सन 1961) की धारा 16 (1) के अधीन नगर पंचायत शिवनंदनपुर की परिषद के कृत्यों के संचालन हेतु समिति का गठन किया है, जो कि नगर पालिका के लिए मान्य है और नगर पंचायत के लिए धारा 5 मान्य है। निर्वाचित सरपंच विमला सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 5 के कंडिका क्रमांक 4 में स्पष्ट लिखा है कि जब किसी ग्राम पंचायत को धारा 5 के प्रावधानों के अधीन नगर पंचायत के रूप में गठित किया जाता है, तो चुनाव तक नई नगर पंचायत का गठन होने तक ग्राम पंचायत ही इस अधिनियम के प्रावधानों के अधीन नगर पंचायत के दायित्व का निर्वहन करेगी।निर्वाचित सरपंच विमला सिंह ने कहा कि 20 मार्च 2003 को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से विशेष सचिव पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग बीके सिन्हा द्वारा सभी कलेक्टरों को जारी आदेश में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद के गठन की स्थिति में धारा 16 के अधीन राज्य शासन द्वारा नामांकित समिति परिषद के दायित्व का निर्वहन करेगी, जबकि नगर पंचायत की स्थिति में पूर्व से निर्वाचित ग्राम पंचायत ही परिषद के दायित्व का निर्वहन करेगी। इन सभी बातों को लेकर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने राज्य शासन के खिलाफ मोर्चा खोलने व हाईकोर्ट से न्याय की गुहार लगाने की बात कही है। ज्ञात हो कि नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के संचालन समिति में सात सदस्यों में से दो सदस्य ही ऐसे हैं, जो पहले से अपने वार्ड का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और शेष अन्य पांच सदस्य ऐसे हैं, जिन्हें भाजपा द्वारा मनोनीत किया गया है।



### किया जाएगा विरोध प्रदर्शन

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर के संचालन समिति के मनोनीत सदस्यों का 14 दिसंबर को पंचायत कार्यालय प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। जिस पर रोक लगाने की मांग को लेकर आज निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर शपथ ग्रहण समारोह पर रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि संचालन समिति गठन के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है, जिस पर फैसला आने तक शपथ ग्रहण पर रोक लगाई जाए। साथ ही शपथ ग्रहण पर रोक नहीं लगाए जाने की स्थिति में निर्वाचित पंचायत जनप्रतिनिधियों द्वारा विरोध प्रदर्शन कर अपनी आपत्ति दर्ज कराए जाने की बात कही गई है।

### निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के अधिकार का हुआ हनन

ग्राम पंचायत शिवनंदनपुर में अभी तक पांचवीं अनुसूची लागू है। यहां पर अभी तक सरपंच का कार्यकाल समाप्त भी नहीं हुआ है। ऐसी स्थिति में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को हटाना नियम विरुद्ध है। संचालन समिति में चुने हुए जनप्रतिनिधियों को भी रखना चाहिए था। सरकार के एकतरफा फैसले से निर्वाचित महिला आदिवासी सरपंच व पंचों के अधिकारों का हनन हुआ है। हम इसका विरोध करते हैं।

**भगवती राजवाड़े**
**जिलाध्यक्ष, कांग्रेस सुरजपुर**

# ओवरटेक से बचने सड़क किनारे उतरी कार पेड़ से टकराई, एक की मौत

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ड्यूटी से वापस घर लौट रहे एक्सिस बैंक सुरजपुर के फील्ड ऑफिसर की कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में फील्ड ऑफिसर की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि कार सवार दो अन्य साथियों को चोट आने पर उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। गौरतलब है कि अंबिकापुर कन्या परिसर रोड वार्ड नंबर 48 निवासी सेवानिवृत्त कालरी कर्मी विजयकांत सिंह के छोटे पुत्र 32 वर्षीय छोटे नारायण सिंह जो सुरजपुर एक्सिस बैंक में फील्ड ऑफिसर के पद पर कार्यरत हैं। गुरुवार की रात अपनी सेंट्रो कार क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 2684 में ड्यूटी करके बैंक के ऑपरेशन हेड अविश अंबष्ट व अन्य एक साथी केशवनगर ब्रांच में पदस्थ गुप्ता के साथ अंबिकापुर लौट रहे थे। तभी जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलफिली के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर सामने से आ रहे ट्रक का ओवरटेक करते हुए सामने से इनोवा कार आने पर फील्ड ऑफिसर ने अपनी कार को सड़क किनारे उतारने के दौरान सड़क किनारे स्थित बरगद पेड़ से टकरा गए। दुर्घटना में कार सवार तीनों घायलों को अंबिकापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान शुक्रवार की सुबह एक्सिस बैंक सुरजपुर के फील्ड ऑफिसर छोटे नारायण सिंह की मौत हो गई है जबकि बैंक के ऑपरेशन हेड अविश अंबष्ट के एक पैर का कूल्हा फ्रैक्चर हो गया है। जिसे उपचार हेतु भर्ती किया गया है। मृतक छोटे नारायण सिंह कोरिया जिले के सीएमएचओ डॉ. प्रशांत सिंह के छोटे भाई व बैकुंठपुर तहसीलदार अमृता सिंह के देवर थे। छोटे लाल सिंह का अंबिकापुर शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया, जिन्हें मुखाग्नि ज्येष्ठ भ्राता ने मुखाग्नि दी। घटना की सूचना मिलते ही कोयलांचल में शोक का माहौल निर्मित हो गया है।





# वाईफाई नेट एवं बिजली सिस्टम में सुधार कराने कलेक्टर से गुहार

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत करमपुर में सरपंच सचिव की उदासीनता की वजह से ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। यहां पर वाईफाई नेट एवं बिजली सिस्टम ग्राम पंचायत भवन करमपुर में सुधार कराने हेतु ग्रामीणों ने कलेक्ट को ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि ग्राम पंचायत करमपुर के उचित मूल्य की दुकान में वाईफाई नेटवर्क एवं बिजली कनेक्शन खराब हो गया है। जिस वजह से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को पंचायत द्वारा राशन लेने के लिए एक तो पहले से ही दुसरे मोहल्ले के च्वाइस सेन्टर से अंगुठा लगाना पड़ता है। तब जाकर ग्रामीणों को दुसरे दिन उचित मूल्य दुकान से राशन मिल पाता है। ग्रामीणों द्वारा इस समस्या के संबंध में कई बार ग्राम सभा में सरपंच एवं सचिव को अवगत कराया गया है, बावजूद इसके सरपंच सचिव द्वारा कोई सुधार नहीं कराया जा रहा है। ऐसी स्थिति में ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर से जल्द ही आमजन की उक्त गंभीर समस्या का निराकरण कराए जाने की मांग की गई है।




# कलेक्टर की अध्यक्षता में डीएलसीसी की बैठक सम्पन्न



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री कटारा ने कहा कि शासन की योजनाओं से संबंधित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने सभी बैंकर्स प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर लाभ दिया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बैंक सखियों की जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों जहां लोगों को वित्तीय लेन-देन के लिए अधिक दूरी का सफर कर विभिन्न परिस्थियों का सामना करना पड़ता है, उन क्षेत्रों में विस्तार करते हुए ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध करायें। उन्होंने शासन की मंशानुरूप आमजनों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने जिले में संचालित विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों से योजनाओं से संबंधित जैसे केसीसी प्रकरण, ईकेवाईसी अन्य प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने ने बैंक के अधिकारियों को बैंकों में प्रस्तुत आवेदनों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ देने को कहा। उन्होंने प्रस्तावित नवीन बैंक एवं एटीएम के संबंध में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील, आरबीआई के प्रतिनिधि श्री सदानंद बासकेट, नाबार्ड से श्री अनुपम तिवारी, लीड बैंक से श्री रणधीर सिंह, एलडीएम श्री के.एम. सिंह एवं विभिन्न बैंकों के अधिकारी तथा बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने विकासखण्ड बलरामपुर के धान उपार्जन केंद्र कपिलदेवपुर एवं वाड्रफनगर के उपार्जन केन्द्र डोंगरो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों पर चल रही खरीदी प्रक्रिया का निरीक्षण किया और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं उपार्जन प्रक्रिया की जानकारी ली।



कलेक्टर ने किसानों से फसल की गुणवत्ता, तौल प्रक्रिया और समय पर भुगतान को लेकर चर्चा की। उन्होंने समिति प्रभारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि किसानों को उपार्जन केन्द्रों पर किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े, इस बात का विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण तरीके से करने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों के धान की नमी का सही मूल्यांकन हो, तौल में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को केन्द्रों पर त्वरित सहायता एवं सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कलेक्टर ने उपार्जन केंद्रों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और वहां मौजूद कर्मचारियों से विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व वाड्रफनगर श्री चेतन साहू सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## युवक की मौत मामले में प्रेमिका के खिलाफ जुर्म दर्ज

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**बिश्रामपुर।** करीब छह माह पूर्व ग्राम पंचायत सतपता निवासी एक युवक की कुमदा नर्सरी में फांसी पर मिले शव मामले में पुलिस ने उसकी प्रेमिका के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सतपता निवासी मनोज यादव पिता विजय यादव की कुमदा नर्सरी के बरगद पेड़ में फांसी पर शव पाया गया था। पुलिस ने बताया कि मृतक मनोज शादी शुदा था और उसके बच्चे भी हैं। उसकी प्रेमिका से अफेयर था और वह उसे परिवार छोड़ कर अपने साथ रहने के लिए लगातार दबाव बनाती थी। साथ ही युवक को केस में फंसाकर जेल भेजने की धमकी देती थी। जिससे परेशान होकर युवक ने गत दिनों 28 मई को घर से बिना बताए निकलकर खुदकुशी कर ली थी।दूसरे दिवस परिजन को जब उसका शव कुमदा नर्सरी बरगद पेड़ में मिला था। जिसकी सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दिए जाने पर पुलिस ने शव पंचनामा पीएम उपरांत मर्ग कायम किया था। मर्ग जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी प्रेमिका ग्राम अवराडुग्गू निवासी नाजिया परवीन के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित कर प्रताड़ना किए जाने पर जुर्म दर्ज कर लिया है।

# चलगली में जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन

**★ प्रशासन और आमजनों के बीच संवाद का सशक्त माध्यम है समाधान शिविर : कलेक्टर ★ हितग्राही मूलक सामग्री का किया गया वितरण**

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ व शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम चलगली में जिला स्तरीय जनसमस्या समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रेना जमील शिविर में शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनकी शिकायतों का निवारण किया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जनपद अध्यक्ष वाड्रफनगर श्री विनोद जायसवाल, चलगली सरपंच श्री गोंड साय, गणमान्य नागरिक श्रीमती पुष्पा जयसवाल सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, पंचायत और अन्य विभागों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर उपस्थित लोगों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर और सीईओ ने स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागीय अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं के प्रभाव पर चर्चा की और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।




शिविर में ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं को अवगत कराया, जिनमें से कई आवेदनों का समाधान मौके पर ही किया गया। शेष समस्याओं के लिए कलेक्टर ने संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने कहा कि जनसमस्या समाधान शिविर न केवल समस्याओं के निवारण का माध्यम है, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच संवाद का एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने बाल विवाह, नशाखोरी और अंधविश्वास जैसी सामाजिक बुराइयों पर चर्चा की और ग्रामीणों को दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए जागरूक किया। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक बुराइयां केवल परिवारों को नहीं, बल्कि पूरे समाज को कमजोर करती हैं। इस दिशा में हम सभी को मिलकर प्रयास करना है ताकि बेहतर समाज का निर्माण हो सके।

सीईओ श्रीमती रेना जमील ने शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को विभिन्न योजनाओं की जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, कृषि ऋण योजना और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा शिविर माध्यम से न केवल लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होगा बल्कि उन्हें अपनी छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक दौड़ भाग भी नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में जानकारी भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के मंशानुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने शिविर के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंच सुनिश्चित की जा रही है, सभी शिविर का लाभ अवश्य लें।

इस दौरान कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और नन्हें बच्चों को खीर खिलाकर अन्नप्राशन भी कराया। साथ ही आयुष्मान कार्ड, वनाधिकार पत्र, किसान कार्ड, राशन कार्ड, मछली जाल एवं बीज और अन्य हितग्राहीमूलक सामग्री का वितरण किया गया।

शिविर में अनुविभागीय अधिकारी श्री चेतन साहू, विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 17 दिसम्बर को आयोजित होगी जिला खनिज न्यास परिषद की बैठक

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के विकास के लिए ग्राम पंचायतों, जनपद पंचायतों, जिला पंचायतों, नगरीय निकाय, शासकीय विभाग एवं मण्डल तथा राज्य एवं केन्द्र सरकार के सार्वजनिक प्रक्षेत्र के उपक्रमों से प्राप्त प्रस्ताव/परियोजनाओं, वार्षिक योजना, अनुमोदित एवं परियोजनाओं का प्रबंधकारिणी समिति द्वारा पर्यवेक्षण कर कार्ययोजना तैयार किया गया है। जिसका अनुमोदन/चर्चा के लिए शासी परिषद की बैठक कलेक्टर एवं प्रबंधकारिणी समिति के पदेन अध्यक्ष श्री राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर 2024 दिन मंगलवार समय-सीमा की बैठक पश्चात् संयुक्त जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ व प्रबंधकारिणी समिति की सदस्य/सचिव श्रीमती रेना जमील ने उक्त बैठक में शासी परिषद के सदस्यों से नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होने को कहा है।

# मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार बस्तर-सरगुजा जिलों के विकास के लिए 22.31 करोड़ जारी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । मुख्यमंत्री साय के निदेर्शानुसार आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा बस्तर एवं सरगुजा प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले जिलों में विकास एवं निर्माण कार्यों के लिए कुल 22 करोड़ 31 लाख 77 हजार की स्वीकृति जारी की गई है।जारी आदेश के अनुसार बस्तर विकास प्राधिकरण हेतु 11 करोड़ 79 लाख 67 हजार रूपए तथा सरगुजा विकास प्राधिकरण हेतु 10 करोड़ 52 लाख 10 हजार स्वीकृत किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री साय बस्तर विकास प्राधिकरण और सरगुजा विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष हैं। बस्तर विकास प्राधिकरण अंतर्गत आने वाले छह जिलों कोंडागाव के लिए 5.34 करोड़, बस्तर के लिए 3.20 करोड़, कांकेर के लिए 1.83 करोड़, बीजापुर के लिए 51 लाख, नारायणपुर के लिए 24 लाख एवं सुकमा के लिए 67.50 लाख रुपए जारी किए गए है।इसी प्रकार सरगुजा विकास प्राधिकरण अंतर्गत आने वाले छह जिलों बलरामपुर के लिए 2.25 करोड़, सूरजपुर के लिए 1.73 करोड़, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर हेतु 1.89 करोड़, जशपुर के लिए 1.66 करोड़, सरगुजा के लिए 1.99 करोड़ एवं कोरिया के लिए 1.01 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है। इस राशि का उपयोग क्षेत्र विशेष के विकास कार्यों के लिए किया जाएगा। इस राशि से प्राधिकरण क्षेत्र में सी.सी.रोड़ निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल सुविधाओं का विस्तार, नलकूप खनन एवं हैंण्डपम्प की स्थापना, हाट-बाजार में शौचालय निर्माण, तालाब में पचरी निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, सांस्कृतिक भवन निर्माण एवं रंगमंच, कला मंच निर्माण, चबूतरा निर्माण, मुक्तिधाम शेड निर्माण, शाला भवन, छात्रावास भवन, आश्रम में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, पेयजल व्यवस्था, शौचालय का निर्माण, कन्या शालाओं में बाउण्ड्रीवाल निर्माण स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण, मरीजों के परिजनों के लिए सराय निर्माण, अस्पताल में पेयजल व्यवस्था आदि कार्य किए जाएंगे।

# छत्तीसगढ़ की जनता मना रही जनादेश परब

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर । भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेदान्त तिवारी ने 13 दिसंबर को विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष सफलता पूर्वक पूर्ण होने पर प्रदेश सभी आम जन मानस को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा की विष्णु देव साय की सरकार ने एक वर्ष प्रदेश की जनता खुशहाली और तरक्की के लिए अनेक काम किए है हर वर्ग युवा,किसान,महिला सभी के सम्मान में काम कर रही है। वेदान्त तिवारी ने कहा कि प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा को 54 सीट देकर सेवा करने का अवसर दिया उनके विश्वास पर आज विष्णु देव की सरकार काम कर रही है, चुनाव के पूर्व जो वादा हमने जनता से किया था उन सभी वादा को एक एक करके पूरा कर रहे है। भाजयुमों नेता वेदान्त ने आगे कहा कि विष्णु देव साय की सरकार महिलाओं के महतारी वंदन,किसानों का 3100 रुपया में धान खरीदी,तेंदू पत्ता 5500 में खरीदी, प्रधानमंत्री आवास बनना प्रारंभ,शासकीय सेवा भर्ती प्रारंभ,नक्सल समस्या धीरे धीरे बस्तर मुक्त होते जा रहा है,शिक्षा के क्षेत्र में पीएमश्री के तहत विद्यालयों के नवीनिकरण,प्रदेश की सड़कों दुरुस्त करने कार्य, सहित प्रदेश अनेक विकास कार्य प्रारंभ हो गए है जो पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने रोक रखा था।प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वेदान्त तिवारी ने कहा कि भाजपा की केंद्र में मोदी जी और राज्य में विष्णु देव साय की डबल इंजन की सरकार छत्तीसगढ़ के विकास के लिए समर्पित होकर काम कर रही है एवं छत्तीसगढ़ की जनता के विकास लिए प्रतिबद्ध है ।

## बाइक और ई रिक्शा की जोरदार टक्कर तीन लोग घायल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

लखनऊ। पीजीआई कोतवाली क्षेत्र के वृंदावन योजना सेक्टर 18 में तेज रफ्तार ई रिक्शा ने बाइक सवार युवक को सामने से टक्कर मार दी, जिससे ई रिक्शा पलट गया, दुर्घटना में बाइक सवार युवक, ई रिक्शा चालक, और एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए।जिन्हें पुलिस ने तत्काल एपेक्स ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां तीनों का उपचार चल रहा है। मनीष 22 वर्ष निवासी चरण भट्ठा रोड, पीजीआई लखनऊ फल का ठेला लगाते हैं, गुरुवार शाम करीब 5 बजे बाइक से वृंदावन योजना सेक्टर 18 से अपने घर लौट रहे थे। तभी पीजीआई की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ई रिक्शा ने जोरदार टक्कर मार दी,टक्कर इतनी तेज थी कि ई रिक्शा भी पलट गया

# दुकानों के आबंटन हेतु शील्ड ऑफर आमंत्रित

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के स्वामित्व के गांधी स्टेडियम के समीप पूर्व में संचालित अग्निशमन केन्द्र में भूतल पर बनी दुकानों का आबंटन निर्धारित प्रीमियम तथा मासिक किराये पर किये जाने हेतु शील्ड ऑफर आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक स्पीड पोस्ट या पंजीकृत डाक द्वारा 23 दिसंबर 2024 को अपरान्ह 03:00 बजे तक निर्धारित प्रारूप में शील्ड ऑफर भेज सकते हैं। प्राप्त ऑफर 23 दिसंबर 2024 को उपस्थित ऑफरदाताओं के समक्ष अपरान्ह 04:30 बजे खोले जायेंगे। 20 दिसंबर 2024 तक ऑफर प्रपत्र का निर्धारित शुल्क भुगतान उपरान्त निगम के राजस्व कार्यालय केदारपुर स्थित प्रशासनिक भवन के राजस्व शाखा से ऑफर प्रपत्र प्राप्त किये जा सकते हैं। ऑफर प्रपत्र के साथ निगम का कोई बकाया नहीं प्रमाण-पत्र एवं जमा अमानत राशि बैंक ड्राफ्ट या बैंकर्स चेक, जो आयुक्त नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के पक्ष में देय हो संलग्न करना अनिवार्य होगा। अपूर्ण एवं बिना अमानत राशि जमा किये तथा निर्धारित तिथि एवं समय अवधि समाप्ति के पश्चात तथा निर्धारित प्रीमियम से कम प्रीमियम राशि का कोई भी ऑफर स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। प्राप्त ऑफर को किसी भी स्तर पर स्थगित करने या स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार आयुक्त/महापौर, नगर पालिक निगम अम्बिकापुर के पास सुरक्षित होगा।

# कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों एवं संग्रहण केंद्र का निरीक्षण

## धान खरीदी केंद्रों से धान के उठाव में तेजी लाने के दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

**अम्बिकापुर/** कलेक्टर विलास भोसकर ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिखलाडीह संग्रहण केंद्र का जायजा लिया और धान के परिवहन एवं भंडारण की स्थिति देखी। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों से धान के उठाव में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट तक खरीदी पहुंचने वाली है, उन्हें चिन्हांकित कर प्राथमिकता से पहले वहां से धान उठाव का कार्य करें जिससे धान के जाम होने जैसी स्थिति ना बनें और उसके पहले ही निराकरण कर लिया जाए। उन्होंने इस दौरान संग्रहण केंद्र की भूमि पर अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम अंबिकापुर को टीम के साथ अतिक्रमण हटाए जाने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर श्री भोसकर ने बटवाही और बतौली के बिलासपुर और सेदम धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से धान खरीदी केंद्र में मिल रही सुविधाओं और सहयोग पर फीडबैक लिया। किसानों ने समस्त व्यवस्थाओं पर संतुष्टि जताई। कलेक्टर ने इस दौरान माइक्रो एटीएम की कार्य प्रणाली की जानकारी ली और अपने सामने किसान के द्वारा माइक्रो एटीएम से राशि निकालने की प्रक्रिया को देखा।उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में काम कर रहे हम्मालों से भी बात की और पारिश्रमिक भुगतान पर जानकारी ली।उन धान खरीदी केंद्रों के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि धान खरीदी में किसी तरह की लापरवाही ना हो, ना ही किसानों को किसी तरह की असुविधा हो।उन्होंने डीएमओ को निर्देशित किया कि धान खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट तक खरीदी पहुंचने से पूर्व ही प्राथमिकता से उठाव की व्यवस्था बनाए जिससे खरीदी प्रभावित ना हो।

## वार्डों का प्रवर्गवार आरक्षण और जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का लाट के माध्यम से आरक्षण की कार्यवाही हेतु संबंधित एसडीएम प्रभारी नियुक्त

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

अम्बिकापुर / त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्डो का प्रवर्गवार आरक्षण तथा महिला सरपंच पदों एवं जनपद पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों का लाट के माध्यम से आरक्षण की कार्यवाही 17 दिसंबर 2024 को नगर पालिक निगम उ.मा.वि. अम्बिकापुर में सम्पन्न किया जावेगा।इसी कड़ी में उक्त कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न करने एवं जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायतों के वार्डो, सरपंच पदों का प्रवर्गवार आरक्षण एवं आबंटन हेतु कलेक्टर सरगुजा द्वारा प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिसमें अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री फागेश सिन्हा जनपद पंचायत अम्बिकापुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) श्री बन सिंह नेताम जनपद पंचायत उदयपुर, लखनपुर, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) श्री रवि राही को जनपद पंचायत सीतापुर, बतौली, मैनपाट, अनुविभागीय अधिकारी (रा0) श्री नीरज कौशिक को जनपद पंचायत लुण्ड्रा हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उक्त कार्य को सम्पन्न करने हेतु अपने सहयोग के लिये अनुभाग अंतर्गत पदस्थ तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एवं वरिष्ठ आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी तथा संबंधित लिपिक को भी अनिवार्य रूप से लाना होगा।

# मायके में विवाहिता की मौत, सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

## ससुरालीजनों पर मायके पक्ष के लोगों ने दहेज प्रताड़ना का लगाया आरोप, मुकदमा दर्ज

संवाददाता



मायके पक्ष के लोगों को समझाते - एसीपी

लखनऊ। बीती रात एक विवाहिता की मायके में मौत हो गई। मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए माल मलिहाबाद मार्ग पर शव रख कर प्रदर्शन किया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मायके पक्ष के लोगों को कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। मायके पक्ष की तहरीर पर माल पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज।

माल थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर निवासी बाबूलाल ने अपनी पुत्री सीमा की शादी पांच वर्ष पूर्व रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी रजनेश से की थी। पिता ने बताया शादी के बाद से ही बेटी को दहेज के लिए आए दिन प्रताड़ित किया जाता था। बीते जनवरी माह में रजनेश ने परिवार वालों संग पत्नी को पीट कर घर से निकाल दिया था जिसके बाद से सीमा अपने पुत्र आर्यन (4) के साथ मायके में रह रही थी। बीते कुछ समय से उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं था। बीते बुधवार रात सीमा की मौत हो गई। बृहस्पतिवार सुबह मायके पक्ष के लोगों ने नबीपनाह गांव के सामने माल मलिहाबाद मार्ग पर शव रखकर डेढ़ घंटे तक प्रदर्शन किया। मलिहाबाद एसीपी अमोल मुर्कुट ने कार्रवाई का आश्वासन देकर आवागमन सुचारू रूप से चालू कराया। पिता बाबूलाल ने बेटी के पति रजनेश, सास सोमवती, ससुर केशन, जेठ संजय, जेठानी विजय लक्ष्मी, ननद अंजू व अन्य पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए शादी में दहेज में कार और सोने की चेन की मांग की गई थी। जिसकी फरमाइश पूरी न होने पर ससुरालीजन सीमा से अक्सर मारपीट करते थे। जिसको लेकर सीमा ने अपने पिता को यह बात बताई थी। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुर्वेदी ने बताया कि मायके पक्ष द्वारा मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन हमेशा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में अग्रसर रहेगा : शालिनी लाल

संवाददाता




लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन की ओर से अन्नपूर्णा अवार्ड और द्रोणाचार्य अवार्ड का आयोजन किया गया जिसमें बहुत सी महिलाओं को सम्मानित किया गया । इन महिलाओं में सभी कामकाजू महिलाएं थी जिनमें से कुछ के बुटीक, किसी की बेकरी शॉप, किसी का रेस्टोरेंट और कुछ लोग अपना बिजनेस घर से ही करती है।इसी क्रम में बिजनेस करने वाली महिलाओं को बिजनेस आइकन अवार्ड भी दिया गया ।संस्था की अध्यक्षा शालिनी लाल के जन्मदिन के मौके पर हर साल इसी प्रकार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और जिसमें महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलता है और महिलाओं को सम्मानित भी किया जाता है अपने जन्मदिन के मौके पर शालिनी जी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में हमेशा करती रहूंगी और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए जो भी कार्य होगा वह करेंगी। इस खास मौके पर उपस्थित सभी महिलाओं ने संस्था की अध्यक्षा शालिनी लाल का जन्मदिन केक काटकर बड़े ही हर्षोउल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुरलीधर आहूजा और नवाब मसूद अब्दुल्ला संस्था की अध्यक्षता शालिनी लाल उपस्थित रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने कार्यक्रम की प्रशंसा की और कहा की शालिनी जी द्वारा जो लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन चलाया जा रहा है इसमें सभी महिलाओं को कुछ सीखने का और आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलता है कार्यक्रम में लखनऊ ही नहीं लखनऊ से बाहर अन्य जिलों से भी कई महिलाएं आई थीं जिन्होंने कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा की और शालिनी जी की सराहना की । लखनऊ शेफ पंख फाउंडेशन की ओर से अन्नपूर्णा द्रोणाचार्य और बिजनेस आइकन अवार्ड से महिलाओं को सम्मानित किया गया जिसमें अन्नपूर्णा अवॉर्ड से विनीता माथुर,पल्लवी श्रीवास्तव,कीर्ति, गुप्ता, तनुजा गुप्ता,सीमा सिंह,प्रीति श्रीवास्तव, आकांशा प्रजापति, दीप्ति सूरी,नीरजा मिश्रा,दीप्ति गुप्ता,नीतू शर्मा,नेहा सिंह, शिवानंद गौतम,अंजू श्रीवास्तव, कंचन चौरसिया,अमिता अग्रवाल , बिंदु यादव,बीना राजपाल, ऋचा जसवानी, खुशबू कक्कड़, रंजना वर्मा, अंजुला श्रीवास्तव,रचना अग्रवाल, अमित कुमारी,सोनिया अरोड़ा अमृताक्षी, आकांशी,पल्लवी जैन लखनऊ, नमृता मिश्रा को सम्मानित किया गया इसकी क्रम में द्रोणाचार्य अवार्ड से नीलिमा कपूर, कविता सिंह,अलका सिंह तोमर, अंशु भटनागर, मंजुलिका अस्थाना, अस्मत जमाल, शिल्पी सक्सेना,नंदिनी मोतियानी, निहारिका आहूजा, नीतिका सक्सेना, नंदिता सेन,नीरजा,गीता भार्गव ऋचा मिश्रा, नसरीन खान को सम्मानित किया गया तथा बिजनेस आइकन अवार्ड से बिजनेस आइकन अवार्ड उत्तरा दुग्गल, ईशा आत्मविश्वासी, वर्ष प्रधान,संदीप चतुर्वेदी, रौनक अग्रवाल,निधि श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया

# ई-रिक्शा चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, गिरफ्तार

### गैंग का पर्दाफाश करने वाली टीमों को मिलेगा 25हजार का ईनाम

संवाददाता



मोहनलालगंज ।डीसीपी केशव कुमार ने एडीसीपी राजेश यादव व एसीपी रजनीश वर्मा की मौजूदगी में प्रेसवार्ता में बताया निगोहां के गौतमखेड़ा गांव निवासी हंसराज खुद का ई रिक्शा चलाता है बीते 5दिसम्बर को मोहनलालगंज कस्बे से दो अज्ञात लोगो ने खुजौली चलने की बात कहकर उसका ई रिक्शा बुक करने के बाद खुजौली बाजार में स्थित एक होटल से चाय खरीदकर उसमें नशीली दवा मिलाकर पीला दिया था,हंसराज के नशे में होने पर नगराम के करोरा गांव के पास उसे सड़क किनारे ढकेलकर ई रिक्शा,मोबाइल व पैसे लूटकर भाग निकले थे,घटना के दूसरे दिन 6दिसम्बर को पीड़ित ई रिक्शा मालिक हंसराज के तहरीर देने पर दो अज्ञात के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर घटना के खुलासे के लिये इंस्पेक्टर अमर सिंह के नेतृत्व में पुलिस व सर्विलांस सेल की संयुक्त टीमो को लगाया गया था,100से अधिक सीसिटीवी कैमरो की फुटेज खगांलने के साथ ही टेक्निकल व मैनुअल साक्ष्यो के जरिये पुलिस टीमो ने गुरुवार को खुजौली क्षेत्र से जहर खुरानी गैंग के तीन बदमाशो को गिरफ्तार किया ।डीसीपी ने बताया कोतवाली लाकर पुलिस ने कड़ाई से पुछताछ की तो तीनो बदमाशो ने अपना नाम संगम निवासी सरैया कस्बा गोसाईगंज, पकंज कश्यप निवासी खुजौली थाना मोहनलालगंज संदीप उर्फ भूरा निवासी हुलासखेड़ा थाना मोहनलालगंज बताया ।पुछताछ में संगम ने बताया सात दिन पहले ?मोहनलालगंज कस्बे से ई रिक्शा बुककर चालक हसंराज को नशीली चाय पिलाकर बेहोश होने पर ई रिक्शा,मोबाइल फोन लूटने की घटना समेत बाराबंकी क्षेत्र में भी जहर खुरानी कर दो ई रिक्शा लूटने की घटना को अजांम देने की बात कबूली ।तीनो बदमाशो की निशानदेही पर तीन ई रिक्शा समेत कबाड़ी को बेची गयी 12बैट्रियां,एक मोबाइल फोन व पांच हजार रुपए समेत नशीली गोलियां बरामद की ।पुलिस ने तीनो आरोपियो को बरामद माल के साथ न्यायालय में पेश किया,जहां से तीनो को जेल भेज दिया गया।

# मृतक सटरिंग कारीगर के भाई की शिकायत पर मकान मालिक व ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता

लखनऊ । कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में एक बीते मंगलवार को एक सटरिंग कारीगर की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई ।वहीं मृतक के भाई ने करंट लगने से भाई की मौत की बात कह मकान मालिक व ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगा नामजद मुकदमा दर्ज कराया है ।कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह ने बताया कि मूल रूप से ग्राम समेरा थाना सोहरामऊ जिला उन्नाव निवासी विनोद पुत्र स्व० देशराज के अनुसार उसका मृतक भाई विशम्भर कुमार पुत्र देशराज शटरिंग कारीगर था और मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीते 10 दिसम्बर को वह ठेकेदार गिरजा शंकर पुत्र कृष्ण गोपाल शर्मा निवासी सेक्टर जी एलडीए कालोनी कानपुर रोड लखनऊ की सटरिंग पर काम करने गया था और सुमित्रा कुरील के घर मे काम कर रहा था। आरोप है कि उसके भाई की मकान की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई ।उसे मृतक भाई के मजदूर साथियों व मकान मालिक व चुनाई ठेकेदार से जानकारी हुई की उक्त मकान में पर खुले हुए तार में बिजली की सप्लाई चालू तो नही है । लेकिन उसके भाई की उक्त निमार्णाधीन मकान में प्रयुक्त सरिया में करन्ट होने के कारण उसके मजदूर मृतक भाई की मृत्यु हो गयी। वहीं मृतक के भाई का कहना था कि उसके मृतक भाई विशम्भर कुमार पुत्र देशराज ने निमार्णाधीन मकान में शटरिंग के दौरान सरिया मोड़ना चाहा करन्ट लगने से उसकी मौके पर मृत्यु हो गयी ।उसके भाई की मृत्यु में मकान मालिक व चुनाई ठेकेदार व सटरिंग ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है।जिसके चलते उसने स्थानीय कृष्णा नगर कोतवाली में पुलिस से आरोपित मकान मालिक व चुनाई ठेकेदार व सटरिंग ठेकेदार की लापरवाही का आरोप लगा नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार मृतक शटरिंग कारीगर के भाई की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# रहमान खेड़ा के जंगल में बाघ ने नीलगाय को बनाया निशाना

संवाददाता

लखनऊ। बाघ ने नीलगाय को बनाया अपना शिकार। बृहस्पतिवार सुबह बागवानी संस्थान के खेतों में नील गाय का क्षत विक्षत शव पड़ा देखा गया। इसके बाद सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम जांच पड़ताल में जुटी। बाघ ने जहां नीलगाय का शिकार किया वहां से सौ मीटर की दूरी पर वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है।

### बेल ब्लॉक में मिला नीलगाय का शव

काकोरी के रहमान खेड़ा स्थित केंद्रीय उपोष्ण बागवानी संस्थान के बेल उत्पादन ब्लॉक में बृहस्पतिवार सुबह मजदूर काम करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने नीलगाय का क्षत विक्षत शव देखा। जिसकी सूचना उन्होंने संस्थान के निदेशक को दी। निदेशक ने जानकारी वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच पड़ताल कर नील गाय के शव से सौ मीटर की दूरी पर पिंजरा लगा दिया है।

### प्वाइंट पर लगाए गए फोटो ट्रैप कैमरे

रेंजर समेत वन विभाग की टीम सुबह 11 बजे मौके पर पहुंच गई। आस-पास इलाके की सघन जांच करने के बाद टीम को संस्थान परिसर और बाहर खेतों में बाघ के पग चिन्ह मिले हैं।टीम ने संस्थान में बाघ की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए प्वाइंटो पर फोटो ट्रैप कैमरे लगाए हैं। वहीं मजूदरों का कहना है कि खेतों में काम करने के दौरान बाघ के दहाड़ने की आवाज भी सुनाई दी थी। आवाज सुनकर मजदूर वहां से भाग खड़े हुए।

### संस्थान में सुनाई पड़ी बाघ की दहाड़

संस्थान में काम करने वाले मजदूरों के अनुसार बुधवार देर शाम और गुरुवार की सुबह बाघ की दहाड़ सुनाई पड़ी थी।इसके बाद संस्थान के कर्मचारियों को छुट्टी दे दी गई। बाघ की दहाड़ और नीलगाय के शिकार के बाद रहमानखेड़ा, उलरापुर, मंडौली, बुधड़िया, करझन मलिहाबाद बॉर्डर के आसपास गांवों के लोग दहशत में हैं।

### 2012 में भी पहले तेंदुआ माना गया, बाद में बाघ निकला

2012 में रहमानखेड़ा के जंगलों में इसी तरह के पग मार्क मिलने पर तेंदुआ होने की आशंका बाद में गलत निकली। आगे चलकर पता चला कि वो बाघ है। बाघ तब तीन माह तक जंगलों में रुका था। वन विभाग की टीम ने हाथी पर सवार होकर कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया था जिसके बाद बाघ को पिंजरे में कैद किया जा सका था। रहमानखेड़ा में लगभग 100 हेक्टेयर जंगली हिस्सा है।

डीएफओ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि मिले पगचिह्नों की जांच में पगचिन्ह 13 सेंटीमीटर से अधिक के पाए गए हैं। यह साइज बाघ के पंजों जैसा ही है। आसपास के इलाकों में लगभग दस कई किलोमीटर तक कॉम्बिंग की जा रही है। संस्थान के ब्लॉक में बाघ की सबसे ज्यादा चहलकदमी पाई गई है। बृहस्पतिवार को भी नए पगचिह्न मिले हैं। जिसके बाद संस्थान में ट्रैप कैमरा और दो पिंजरे लगाए गए है।

## सम्पादकीय

# आशान्वित होना ठीक पर आर्थिक चुनौती है बड़ी

सरकार नए बजट की तैयारी में है, लेकिन चालू वित्त की दूसरी तिमाही में जीडीपी दर गिरने के बाद अर्थव्यवस्था को संभालने की चुनौती बढ़ गई है। स्मार्ट इंडिया हैकथॉन-2024 के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने वाले युवा अन्वेषकों (इनोवेटरों) से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संवाद के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत लक्ष्य, भारत की आर्थिक स्थिति को लेकर सकारात्मक उम्मीद जताई है। पीएम ने टेक पावर और डिजिटल अर्थव्यवस्था को भारत की नई ताकत के रूप में उद्धृत किया है और साइबर खतरे से निपटने की चुनौती को अहम बताया है। आशान्वित होना अच्छी बात है, लेकिन आंकड़े अर्थव्यवस्था के आगे बढ़ने की गवाही नहीं दे रहे हैं। जीडीपी ग्रोथ धीमी हो गई है। इसके चलते रिजर्व बैंक के साथ ग्लोबल एजेंसियां भी भारत के जीडीपी अनुमान को घटाने लगी हैं। एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने निजी निवेश तथा आवास मांग में उम्मीद से कम वृद्धि के कारण चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान सात प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया है। एडीबी ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को भी 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में सात तिमाहियों के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई थी, जबकि आरबीआई ने स्वयं इसके सात प्रतिशत पर रहने का अनुमान लगाया था। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति का अनुमान भी बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत कर दिया था। भारत उच्च खाद्य महंगाई का सामना कर रहा है, रिजर्व बैंक के मौद्रिक उपायों के बावजूद खाने-पीने की चीजों की कीमतें कम नहीं हो पा रही हैं। आज ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नए गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कार्यभार संभाला है और कहा है कि आरबीआई चुनौतियों से निपटने को सतर्क और सजग बना रहेगा, केंद्रीय बैंक नीतिगत मोर्चे पर स्थिरता को बनाए रखेगा। पूर्व गवर्नर शक्तिकांत दास के कार्यकाल में मौद्रिक उपायों को देखें तो नए गवर्नर के लिए महंगाई, एनपीए (गैर निष्पादित संपत्तियां) और बैंकिंग व वित्तीय सिस्टम में स्थिरता बनाए रखना कठिन होगा। अभी जब दुनिया में अनेक स्तर पर वित्तीय सुस्ती व अस्थिरता है, ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था को ग्रोथ की पटरी पर दौड़ाना और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर रखना आसान नहीं है। भारत के निर्यात में गिरावट है, चीन से व्यापार घाटा सौ अरब डॉलर का है, राजकोषीय घाटा भी लक्ष्य से आगे है, सार्वजनिक निवेश में कमी दर्ज की गई है, निजी निवेश व एफडीआई प्रवाह में कमी है, सरकारी खजाने पर रेवड़ियों का वित्तीय बोझ है, जिस पर सुप्रीम कोर्ट सरकार पर सवाल खड़ा कर चुका है। ऐसे में जहां सरकार के लिए अर्थव्यवस्था की गति को बूस्ट करना चुनौती है, वहीं रिजर्व बैंक के लिए वित्तीय समावेशन का लक्ष्य हासिल करना आसान नहीं होगा। पूर्व राजस्व सचिव से आरबीआई के नए गवर्नर बने संजय मल्होत्रा के लिए चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी होगी। बजट की तैयारी में जुटीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय उद्योग जगत के वाणिज्यिक विचारों को अर्थव्यवस्था, राष्ट्र की आर्थिक प्राथमिकताओं और रणनीतिक जरूरतों के साथ मिलाने की जरूरत है। वित्त मंत्री का भारतीय उद्योग जगत को साफ संदेश है कि देश के औद्योगिक व रोजगार सृजन के लक्ष्यों के साथ कदम मिलाकर चलें। अर्थव्यवस्था को लेकर आशान्वित होना ठीक पर जमीनी चुनौती बड़ी है।



बेंगलुरु मामला
डा. मोनिका शर्मा

# लैंगिक विभेद की नई लकीर

> अतुल के शब्द असल में शादीशुदा जिंदगी की दमघोटू परिस्थितियों से लेकर कानूनी व्यवस्था के रुख और करीबी रिश्तों में भी स्थान बना चुकी हद दर्जे की स्वार्थी सोच का लेखा जोखा हैं। कैसी विडम्बना है कि मौजूदा समय सबसे चर्चित क्षेत्र में कार्यरत एक आत्मनिर्भर युवा ने यह कहते हुए जिंदगी से मुंह मोड़ लिया कि उसके पास आत्महत्या के सिवा कोई उपाय नहीं बचा है। दुनिया से जा चुके युवा चेहरे ने उन लोगों को खुदकुशी करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जिनका साथ किसी भी तरह के बिखराव में संबल दे सकता था। ज्ञात हो कि अतुल ने पत्नी, सास, साले और चचेरे ससुर को अपनी जान देने की वजह बताते हुए न्यायिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा किया है।

बेंगलुरु में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र के इंजीनियर की आत्महत्या का मामला वैवाहिक सम्बन्धों की उलझन और क्षणिक आक्रोश के चलते जान दे देने की घटना भर नहीं है। 34 साल के अतुल सुभाष ने जीवन से हारने से पहले बाकायदा एक घंटे बीस मिनट का वीडियो और 24 पृष्ठों का पत्र लिखकर अपनी बातें कही हैं। अतुल ने समग्र समाज के लिए बहुत से प्रश्न भी छोड़े हैं। पारिवारिक व्यवस्था में उलझते मन-जीवन की हकीकत बयान की है। कानूनी और प्रशासनिक मोर्चे पर मौजूद खामियों को सामने रखा है। मौखिक हों या लिखित, अतुल के शब्द असल में शादीशुदा जिंदगी की दमघोटू परिस्थितियों से लेकर कानूनी व्यवस्था के रुख और करीबी रिश्तों में भी स्थान बना चुकी हद दर्जे की स्वार्थी सोच का लेखा जोखा हैं। कैसी विडम्बना है कि मौजूदा समय सबसे चर्चित क्षेत्र में कार्यरत एक आत्मनिर्भर युवा ने यह कहते हुए जिंदगी से मुंह मोड़ लिया कि उसके पास आत्महत्या के सिवा कोई उपाय नहीं बचा है।

दुनिया से जा चुके युवा चेहरे ने उन लोगों को ख़ुदकुशी करने के लिए जिम्मेदार ठहराया है, जिनका साथ किसी भी तरह के बिखराव में संबल दे सकता था। ज्ञात हो कि अतुल ने पत्नी, सास, साले और चचेरे ससुर को अपनी जान देने की वजह बताते हुए न्यायिक व्यवस्था को भी कटघरे में खड़ा किया है। उत्तर प्रदेश के जौनपुर की एक जज पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए पत्र में लिखा है कि मामले को रफा-दफा करने के लिए उससे 5 लाख रुपये मांगे गए। साथ ही यह भी लिख छोड़ा है कि पत्नी और सास ने आत्महत्या कर लेने को लेकर भी तानेबाजी की। हर ओर से निराश प्रतीत होते अतुल के कमरे से 'जस्टिस इज ड्यू' यानी 'न्याय बाकी है' लिखी एक तख्ती मिली। आत्महत्या की इस घटना का सबसे चिंतनीय पक्ष यह है कि दुनिया से जाने वाला इंसान एक सजग व्यक्ति था। देश की कानूनी व्यवस्था से लेकर अपने पीछे रह गए परिजनों की चिंता तक, बहुत कुछ उसकी बातों में शामिल है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम लिखे पत्र में देश की आपराधिक न्याय प्रणाली की खामियों और पुरुषों के विरुद्ध झूठे मामले दर्ज कराने के चलन की बात की है। अपनी पत्नी की ओर से दहेज प्रतिरोध कानून और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामलों में स्वयं को निर्दोष बताते हुए न्यायालय से अनुरोध किया है कि इन झूठे मामलों में मेरे माता-पिता और भाई को परेशान करना बंद किया जाए।

बिखरे वैवाहिक संबंध को लेकर कहा है कि पत्नी को हर महीने 40 हजार रुपये संरक्षण राशि देता हूं, लेकिन अब बच्चे को पालने के लिए 2-4 लाख रुपये प्रतिमाह और मांगा जा रहा है। साथ ही मुझे मेरे बेटे से न तो मिलने दिया जाता है और न बात करने दिया जाता है। इतना ही नहीं, पत्नी ने इस मामले का निपटारा करने के लिए पहले 1 करोड़ रुपये और फिर 3 करोड़ रुपये की मांग की। इस मांग के विषय में पारिवारिक न्यायालय की जज को बताया तो उन्होंने भी पत्नी का साथ दिया। अब तक लगी 120 तारीखों में उसे उसके माता-पिता को कोर्ट के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। विचारणीय है कि बेंगलुरु की यह घटना हो या ऐसा ही कोई अन्य मामला। पुरुषों की मुश्किलों की सुनवाई कम ही होती है। खासकर भावनात्मक पक्ष को समझने का व्यवहार आज भी



नदारद है। वैवाहिक सम्बन्धों में बिखराव के बाद खेले जाने वाले आरोपों-प्रत्यारोपों के खेल में आज भी समाज पुरुषों को पीड़ित मानने को तैयार नहीं होता। कभी-कभी तो अपने ही परिवार का साथ और सहानुभूति भी नहीं मिलती। इतना ही नहीं, भारतीय कानून भी महिलाओं के पक्ष में ही हैं। ऐसे में कहीं सुनवाई न होने की स्थिति पुरुषों को भी मन की टूटन की ओर धकेलती है।

आम परिवार अब बेटों के वैवाहिक रिश्तों को लेकर भी डरे-सहमे से रहने लगे हैं। हालिया बरसों में हमारे यहां पुरुषों में आत्महत्या के बढ़ते आंकड़े निराशा, असहयोग और अकेलेपन के ऐसे ही हालातों से मिलवाते हैं, जो किसी विमर्श का हिस्सा नहीं बनते। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) के मुताबिक 20 से 24 वर्ष की उम्र के वयस्कों में महिलाओं की तुलना में पुरुषों में आत्महत्या से जीवन गंवाने की संभावना पांच गुना अधिक है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ की पिछले साल आई रिपोर्ट के अनुसार 2014 से 2021 के बीच भारतीय पुरुषों में आत्महत्या के मामलों में एक तिहाई से ज़्यादा की वृद्धि हुई है। 7 वर्षों के इन आंकड़ों में विवाहित पुरुषों के मामले में स्थिति और भी चिंतनीय रही। यह कटु सच है कि बीते कुछ बरसों में समाज में लैंगिक विभेद की नई लकीर खींच गई है। वैवाहिक दुष्कर्म, दहेज की मांग और घरेलू हिंसा जैसे कानूनों का सोची-समझी रणनीति के तहत हो रहा दुरुपयोग पारिवारिक बिखराव का कारण बन रहा है। आए दिन कानूनों के बेजा इस्तेमाल के वाकये सामने आ रहे हैं। कहना गलत नहीं होगा कि समानता और सम्मान के मोर्चे पर महिलाओं को लेकर आया हर बदलाव सकारात्मक नहीं है। हम स्त्री-पुरुष एक भेद से परे मानवीय पहलुओं पर बराबरी का परिवेश नहीं बना पाये। स्त्रियों की सुरक्षा के लिए बने न्यायिक प्रावधानों के अनुचित इस्तेमाल से असंवेदशीलता, असहजता और असहयोगी बर्ताव के रूप में नई तरह का असंतुलन सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था का हिस्सा बनता जा रहा है। इसकी चर्चा न्यायिक निर्णयों में होती रही है। बीते दिनों कर्नाटक हाईकोर्ट ने पहले प्रेम और फिर 4 वर्ष तक करीबी मेल-जोल के बाद वैवाहिक रिश्ते में मात्र एक दिन साथ रहने वाली महिला की ओर से पति पर दुष्कर्म का केस लगाने पर मामले को कानून के दुरुपयोग का उदाहरण बताया था। कुछ समय पहले गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने भी एक निर्णय सुनाते हुए कहा था कि पति या पति के परिवार के सदस्यों के विरुद्ध आधारहीन आरोप लगाकर आपराधिक केस दर्ज करवाना भी क्रूरता के समान है। ऐसे में समझना आवश्यक है कि कामकाजी मुश्किलों के साथ ही घरेलू परिवेश में भी अब पुरुषों के लिए हालात सहज नहीं रहे। पुरुष वर्ग में भी निराशा और अवसाद जैसी समस्याएं बढ़ी हैं। वैवाहिक सम्बन्धों की उलझनें तो जीवन पर ही भारी पड़ रही हैं। मानसिक-मनोवैज्ञानिक मोर्चे पर पुरुषों की बिखरती मनोदशा को देखते हुए ही देश में राष्ट्रीय पुरुष आयोग बनाने को लेकर भी बहस छिड़ चुकी है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के मुताबिक भारतीय पुरुषों में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृत्ति के पीछे संबंधी परेशानियों के साथ पारिवारिक समस्याएं सबसे प्रमुख कारक हैं। ऐसे में स्त्री-पुरुष के भेद से परे सकारात्मक बदलाव ही परिवार का तानाबान सहेज सकेंगे। जीवनभर के साथ में निबाह न हो तो सहजता और संवेदनशीलता से अलगाव का मार्ग चुन लेना चाहिए। बता दें कि अतुल सुभाष ने 2019 में निकिता सिंघानिया से शादी की और दंपति का 4 साल का एक बेटा है। हालांकि, वैवाहिक विवाद इस हद तक बढ़ गए कि वे अलग रहने लगे। उनकी पत्नी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उनके खिलाफ नौ मामले दर्ज किए थे।

(लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार व स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

गीता उत्सव
अरविंद जयतिलक



# जीवन का प्रकाशपुंज गीता

आज गीता जयंती है। पांच हजार वर्ष पूर्व आज ही के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपने परम मित्र व भक्त अर्जुन को कुरुक्षेत्र के मैदान में गीता का उपदेश दिया था। उस समय अर्जुन मोहग्रस्थ थे और सत्य की रक्षा के लिए अपने बंधु-बांधवों से युद्ध करने में हिचक रहे थे। गीता के रूप में स्वयं भगवान श्रीकृष्ण के मुख से निकला यह उपदेश किसी जाति, धर्म और संप्रदाय की सीमा से आबद्ध नहीं है। बल्कि यह संपूर्ण मानव जाति के कल्याण का मार्ग है। पाश्चात्य जगत में विश्व साहित्य का कोई भी ग्रंथ इतना अधिक उद्धरित नहीं हुआ है जितना कि भगवद्गीता। भगवद्गीता ज्ञान का अथाह सागर है। जीवन का प्रकाशपूंज व दर्शन है। शोक और करुणा से निवृत होने का सम्यक मार्ग है। भारत की महान धार्मिक संस्कृति और उसके मूल्यों को समझने का ऐतिहासिक-साहित्यिक साक्ष्य है। इतिहास भी है और ज्ञान-कर्म दर्शन भी। समाजशास्त्र और विज्ञान भी। लोक-परलोक दोनों का आध्यात्मिक मूल्य भी। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को निमित्त बनाकर संपूर्ण संसार को सत्य का बोध कराया। ब्रहमपुराण के अनुसार द्वापर युग में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष के एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने उपदेश दिया। गीता का उपदेश मोह का नाश करने वाला है। इसीलिए एकादशी को मोक्षदा एकादशी भी कहा जाता है। युद्ध में जब अर्जुन मोहग्रस्त होकर अपने आयुध रख दिए थे, तब श्रीकृष्ण ने उन्हें नश्वर भौतिक शरीर और नित्य आत्मा के मूलभूत अंतर को समझाकर युद्ध के लिए तैयार किया। फल की आशा किए बिना कर्म का संदेश दिया। श्रीकृष्ण के उपदेश से अर्जुन का संकल्प जाग्रत हुआ। कर्तव्य का बोध हुआ। ईश्वर से आत्म साक्षात्कार हुआ। उन्होंने कुरुक्षेत्र में अधर्मी कौरवों को पराजित किया। सत्य और मानवता की जीत हुई। अन्याय पराजित हुआ। श्रीकृष्ण ने अर्जुन के माध्यम से जगत को समझाया कि निष्काम कर्म भावना में ही जगत का कल्याण है। श्रीकृष्ण का उपदेश ही गीता का अमृत वचन है।

श्रीकृष्ण ने गीता में धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य और न्याय-अन्याय को भलीभांति परिभाषित किया है। उन्होंने धृतराष्ट्र पुत्रों को अधर्मी, पापी और अन्यायी तथा पाडुं पुत्रों को पुण्यात्मा कहा है। उन्होंने संसार के लिए क्या ग्राहय और क्या त्याज्य है उसे भलीभांति समझाया। श्रीकृष्ण के उपदेश ज्ञान, भक्ति और कर्म का सागर है। भारतीय चिंतन और धर्म का निचोड़ है। समस्त संसार और मानव जाति के कल्याण का मार्ग है। संसार की समस्त शुभता गीता में ही निहित है। गीता का उपदेश जगत कल्याण का सात्विक मार्ग और परा ज्ञान का कुंड है। श्रीकृष्ण ने कुरुक्षेत्र में खड़े अर्जुन रुपी जीव को धर्म, समाज, राष्ट्र, राजनीति और कुटनीति की शिक्षा दी। प्रजा के प्रति शासक के आचरण-व्यवहार और कर्म के ज्ञान को उद्घाटित किया। गीता में संसार को संदेश है कि दुर्योधन, कर्ण, विकर्ण, जयद्रथ, कृतवर्मा, शल्य, अश्वथामा जैसे अहंकारी और अत्याचारी जीव राष्ट्र-राज्य के लिए शुभ नहीं होते। वे सत्ता और ऐश्वर्य के लोभी होते हैं। श्रीकृष्ण ने ऐसे लोगों को संसार के लिए विनाशक कहा है। उदाहरण देते हुए समझाया है कि विष देने वाला, घर में अग्नि लगाने वाला, घातक हथियार से आक्रमण करने वाला, धन लूटने वाला, दूसरों की भूमि हड़पने वाला और पराई स्त्री का अपहरण करने वालों को अधम और आततायी कहा है। उन्होंने गीता में समाज को प्रजावत्सल शासक चुनने का संदेश दिया है। शास्त्रीय दृष्टि से महाभारत एक प्रमुख काव्य ग्रंथ है, गीता जिसका एक छोटा सा अंश है।

यह ग्रंथ न केवल आध्यात्मिक मूल्यों का संवाहक है बल्कि वैदिक परंपरा और चिंतन का सारतत्व भी है। महान दार्शनिक श्री अरविंदो ने कहा है कि भगवद्गीता एक धर्मग्रंथ व एक ग्रंथ न होकर एक जीवन शैली है, जो हर उम्र के लोगों को अलग संदेश और हर सभ्यता को अलग अर्थ समझाती है। डा. राधाकृष्णन् के अनुसार यह धर्मग्रंथ कम, मनोविज्ञान, ब्रहमविद्या और योग का ग्रंथ ज्यादा है। भाषा के तौर पर यह काव्य है लेकिन विषय के तौर पर अध्यात्म है। निर्वाण व मुक्ति का मार्ग है तो विश्लेषण व विवेचन के तौर पर जीवन जीने का संयमित मार्ग है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है कि ज्ञानयोग से बुद्धि, कर्मयोग से इच्छा और भक्तियोग से भाव स्थिर होते हैं। यानी गीता कर्म संस्कार को परिमार्जित करने वाला एक दिव्य ग्रंथ है। विश्व के महानतम वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा है कि भगवद्गीता को पढ़कर मुझे ज्ञान हुआ कि इस दुनिया का निर्माण कैसे हुआ और जीवन को किस तरह जीया जाना चाहिए। महात्मा गांधी अक्सर कहा करते थे कि जब मुझे कोई परेशानी घेर लेती है तो मैं गीता के पन्नों को पलटता हूं। गीता ज्ञान का सागर और जीवन रूपी महाभारत में विजय का मार्ग भी है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का मात्र अनुभव करें



अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे।



संकलित
दर्शन

अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

## स्वयं के धर्म की चिंता



एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।



संकलित
प्रेरणा

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### महंगाई के समाधान के लिए सरकार गंभीर नहीं

अगर देश में कोई भी खाने की चीज, वो भी गरीब से गरीब के लिए भी रोजमर्रा में प्रयोग होने वाली हो, महंगी हो जाए तो सरकारों को उसकी कीमत कम करने के उपाय प्राथमिक आधार पर करने चाहिए। विकास के वादे और दावे तब तक खोखले माने जा सकते हैं, जब तक देश में पैदा होने वाली चीजें महंगी होंगी। अब तो सरकारों को प्याज की बढ़ती कीमतों को रोकने के लिए कुंभकर्णी नींद से जाग जाना चाहिए, क्योंकि कुछ राज्यों में इसकी कीमतें 100 रुपए के आसपास हो गई थी। वैसे प्याज की कीमतें इससे पहले भी बढ़ती थी और इस पर खूब राजनीति भी होती आई है। प्याज पर ही नहीं, बल्कि हर तरह की महंगाई को मुद्दा बनाकर चुनाव लड़े जाते हैं, लेकिन महंगाई के समाधान के लिए किसी भी राजनीतिक पार्टी की सरकार ने आज तक गंभीरता नहीं दिखाई। – *संजय पाठक, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### उत्तरी गाजा में दो माह से नहीं पहुंच रही सहायता : संरा

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि उत्तरी गाजा में पिछले 66 दिनों से व्यापक पैमाने पर मानवीय सहायता नहीं पहुंच पा रही है। इजराइल ने छह अक्टूबर को उत्तरी गाजा में जमीनी कार्रवाई प्रांरभ की थी और इसके बाद से 65 हजार से 75 हजार फलस्तीनी नागरिक भोजन, पानी, बिजली तथा स्वास्थ्य सेवा की पहुंच से वंचित हैं। संयुक्त राष्ट्र के मानवीय मामलों के समन्वय कार्यालय (ओसीएचओ) ने मंगलवार को कहा कि उत्तरी गाजा में इजराइल ने बेत लाहिया, बेत हनून और जबालिया पर अपनी घेराबंदी जारी रखी है और वहां रहने वाले फलस्तीनियों को सहायता से वंचित रखा है।



ओसीएचओ ने साथ ही कहा कि इजराइल ने बेत लाहिया के तीन स्कूलों से लगभग 5,500 लोगों को जबरन गाजा सिटी भेजा है। ओसीएचए ने कहा कि खाद्य संकट गहरा गया है तथा वर्तमान में गाजा पट्टी में संयुक्त राष्ट्र समर्थित केवल चार 'बेकरी' ही संचालित हो रही हैं। गाजा के लिए संयुक्त राष्ट्र की वरिष्ठ मानवीय और पुनर्निर्माण समन्वयक सिग्रिड काग ने मंगलवार दोपहर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को जानकारी देने के बाद बताया कि गाजा में लोग भीषण परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं।

## ऑफ बीट

### एक्जिमा में ब्लीच स्नान है एक सामान्य उपचार

ब्लीच को डायल्यूट करके उससे स्नान करना एक सामान्य उपचार है जिसका उपयोग डॉक्टर और नर्स अधिक गंभीर एक्जिमा वाले रोगियों के लिए करते हैं।



यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वे अन्य उपचारों को प्रतिस्थापित नहीं कर सकते हैं और यह स्नान सभी के लिए उपयुक्त भी नहीं हो सकते हैं। इस उपचार का उपयोग केवल त्वचा विशेषज्ञ या डॉक्टर के मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिए, जो सलाह दे सकता है कि क्या यह उचित है और व्यक्ति की स्थिति के अनुरूप ब्लीच को पानी मिलाकर पतला कर सकता है। तो यह कुछ एक्जिमा पीड़ितों के लिए क्यों और कैसे काम करता है। जब एक्जिमा बहुत सक्रिय होता है, तो त्वचा तरल पदार्थ से भर जाती है। बैक्टीरिया इस प्रकार के एक्जिमा में बसना और इसे संक्रमित करना पसंद करते हैं। इस प्रक्रिया को 'इम्पेटिगिनेशन' के रूप में जाना जाता है। जब यह प्रक्रिया एक्जिमा के बिना होती है, तो इसे इम्पेटिगो कहा जाता है। पानी और सोडियम हाइपोक्लोराइट (दूसरे शब्दों में, ब्लीच) का घोल कीटाणुओं को तेजी से मार देगा। और हम घावों पर किए गए अध्ययनों से जानते हैं कि घाव को साधारण रूप से धोने से बैक्टीरिया की संख्या कम हो जाती है।

## ट्रेंड

### सार-संग्रह जारी किया



महाकवि सुब्रमण्यम भारती की रचनाओं का एक सार-संग्रह जारी करने का गौरव प्राप्त हुआ। समृद्ध भारत और प्रत्येक व्यक्ति के सशक्तिकरण के लिए उनका दृष्टिकोण पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### विश्वास खो चुकी कांग्रेस



कांग्रेस पार्टी इंडी गठबंधन के अंदर पूरी तरह विश्वास खो चुकी है। बहुत साफ दिख गया है कि इंडी गठबंधन के अंदर कांग्रेस पर अविश्वास स्पष्ट रूप से दिख गया। शायद उसे कवर करने के लिए उपराष्ट्रपति के विरुध्द यह प्रयास किया जा रहा है। जब से संसद का सत्र शुरू हुआ है
-डॉ. सुधांशु त्रिवेदी, भाजपा प्रवक्ता

### भारत में निर्माण करें



चीन, अमेरिका और जर्मनी ही ऐसे 3 देश हैं जिनका निर्यात प्रति वर्ष 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। मैं आशावादी हूं कि 2030 तक भारत चौथे स्थान पर होगा। आइए भारत में विश्व के लिए निर्माण करें।
-अनिल अग्रवाल, उद्योगपति

### ज्ञान का विकेंद्रीकरण



सबसे उन्नत ज्ञान-विज्ञान पर हमेशा चंद देश और व्यक्ति अपना आधिपत्य जमाए रहते हैं। दुनिया में न्याय, शांति, समानता और स्थायित्व के लिए ज्ञान का विकेंद्रीकरण, सार्वभौमिकरण और लोकतंत्रीकरण करना आवश्यक है।
-कैलाश सत्यार्थी, बाल अधिकार कार्यकर्ता



अव्यवस्थित जीवनशैली और अनियंत्रित खान-पान की वजह से इन दिनों अनेक लोग डायबिटीज से ग्रस्त हो रहे हैं। इससे बचाव और ब्लड शुगर को कंट्रोल करने के लिए आप नियमित योगाभ्यास कर सकते हैं। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# ब्लड शुगर रहेगा कंट्रोल रोजाना करें ये योगासन

योगोपचार

आचार्य कौशल किशोर
योग विशेषज्ञ

मधुमेह या डायबिटीज की बीमारी अब केवल वृद्धावस्था के ही नहीं हर उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसमें शरीर के ब्लड में शुगर का लेवल निश्चित मात्रा से अधिक हो जाता है। इस बीमारी को नियंत्रित करने के लिए अपने खान-पान और सही जीवनशैली पर तो ध्यान देना जरूरी है ही। इसके अलावा अपने दैनिक जीवन में योगासन को अपनाकर भी इस बीमारी को नियंत्रित कर सकते हैं। योगासन ना केवल ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है, इससे हमारे शरीर के साथ-साथ मन को भी बहुत लाभ होते हैं। यहां हम आपको ऐसे ही लाभकारी योगासनों के बारे में बता रहे हैं।



## मंडूक आसन

इसे फ्रॉग पोज भी कहते हैं। इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट बिछाकर उस पर घुटने के बल बैठ जाएं। इसमें नितंब दोनों पैर की एड़ियों के बीच होना चाहिए। अब अपने दोनों हाथों की मुट्ठियों को अच्छी तरह से बंद कर उन्हें नाभि पर रख लें। इसके बाद सांस बाहर निकालते हुए धड़ को आगे की ओर झुकाएं। आसानी से आप जितना आगे झुका सकते हैं, उतना झुक जाएं। झुकने के बाद अपने सिर को ऊपर की ओर रखें। इस स्थिति में अपनी सांस को सामान्य रखते हुए आरामदायक समय तक रुकें। वापस पूर्व स्थिति में आते समय सांस को अंदर लेते हुए वापस आ जाएं। इसे करने से पैनक्रिएज ग्लैंड की कार्यक्षमता सधरती है। इससे इंसुलिन पर्याप्त मात्रा में स्त्रावित होता है इससे ब्लड में शुगर की मात्रा कंट्रोल रहती है।



## कपालभाति प्राणायाम

कपालभाति प्राणायाम को करने के लिए योगा मैट पर सुखासन या सामान्य पालथी मारकर बैठ जाएं। इस दौरान रीढ़, गले और अपने सिर को सीधा रखें। आंखों को आराम से बंद कर पूरी तरह रिलैक्स हो जाएं। किसी भी प्रकार का तनाव ना रखें। हाथों को अपने घुटनों पर रख लें। अब अपनी दाईं नाक को दाएं अंगूठे से बंदकर बाईं नाक से सामान्य गति से सांस अंदर खींचें और उसी नाक से हल्के झटके के साथ सांस को बाहर निकाल दें। फिर इसी तरह दूसरे नाक से भी दोहराएं। इस तरह यह प्रक्रिया दोनों नाकों से कम से कम 25 बार कर लें। यह कपालभाति प्राणायाम का एक चक्र होगा। शुरू में एक से दो सप्ताह तक इसके एक चक्र का अभ्यास करें। धीरे-धीरे अभ्यास में चक्रों की संख्या अपनी सुविधानुसार बढ़ाते जाएं।

## ध्यान

डायबिटीज की समस्या अधिकतर उन लोगों को होती है, जो अत्यधिक तनाव लेते हैं। इस तनाव को दूर करने के लिए ध्यान सबसे कारगर उपाय है। ध्यान को करने के लिए आप किसी भी सहज आसन में सीधे होकर बैठ जाएं। अपने हाथों को घुटनों पर रख लें। आंखों को आराम से बंद कर, चेहरे की मसल्स को खूब ढीला और सहज छोड़ दें। अब अपने मन को सांस के आने-जाने पर एकाग्र करें। अगर मन इधर-उधर भागता है



तो वापस सांस पर लाने का प्रयास करें। इससे आपका तनाव, भय, बेचैनी और व्यग्रता कम हो जाएगी। इससे पैनक्रिएज ग्लैंड की कार्यक्षमता में सुधार होगा।

**रखें ध्यान:** जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी या किसी अन्य गंभीर रोग की शिकायत है, वे किसी अनुभवी योगाचार्य की देख-रेख में ही किसी आसन का अभ्यास करें। *

प्रस्तुति: संध्या रानी

---


यह हम सभी जानते हैं कि किडनी हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। लेकिन इसे हेल्दी रखने के लिए जरूरी सावधानियां नहीं अपनाते, लापरवाही बरतते हैं। इससे किडनी प्रॉब्लम्स के साथ ही कई अन्य समस्याएं पैदा होने लगती हैं। ऐसे में किडनी डिजीजेज से बचाव के लिए हमें अपनी लाइफस्टाइल, डाइट के साथ कई अन्य बातों का ध्यान रखना चाहिए।

# बढ़ रही हैं किडनी प्रॉब्लम्स बरतें प्रिकॉशन-करें बचाव


अवेयरनेस

डॉ. माजिद अलीम

किडनी या गुर्दा शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह खून से विषाक्त पदार्थों को निकालने, शरीर के गैरजरूरी तरल को छानने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखने का काम करता है।







## क्या कहते हैं आंकड़े

'ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज' (जीबीडी), जो कि वैश्विक स्तर पर बीमारियों, चोटों और जोखिम कारकों से होने वाली मौतों और विकलांगता का आकलन करने वाला एक रिसर्च कार्यक्रम है, जो कि दुनियाभर के 160 से ज्यादा देशों के 12,000 से ज्यादा शोधकर्ताओं के सहयोग से पूरा किया जाता है। इसके 2015 में किए गए एक अध्ययन के मुताबिक वैश्विक स्तर पर मौतों के कारणों में क्रॉनिक किडनी रोग को 17वां स्थान हासिल है। हर साल दुनिया की प्रति 1,00,000 जनसंख्या पर 19.2 मौतें किडनी फेलियर के चलते होती हैं। कई देशों में क्रॉनिक किडनी रोग, मृत्यु के शीर्ष पांच कारणों में से एक है, जबकि भारत में जीबीडी 2015 के मुताबिक हर आठवीं मौत का कारण किडनी फेलियर था। लेकिन लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में, भारत में गुर्दे की विफलता के कारण होने वाली मौतों की संख्या पर जो डेटा प्रस्तुत किया गया, उसमें साफ पता चलता है कि 2010 से 2013 के बीच 15 से 69 वर्ष समूह में होने वाली सभी मौतों में से करीब 3.04 प्रतिशत का कारण किडनी का फेलियर था, जो 2001-03 के मुकाबले 50 प्रतिशत ज्यादा था। भारत में किडनी फेलियर से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण मधुमेह है, साथ ही यह भी पाया गया कि किडनी की विफलता से होने वाली मृत्युदर में देश के अलग-अलग हिस्सों में काफी अंतर था। मसलन ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज के निष्कर्षों में आंध्र प्रदेश, मध्य ओडिशा, पुडुचेरी और महाराष्ट्र को गुर्दे की बीमारी के लिए 'हॉट स्पॉट' माना गया है, लेकिन किसी दूसरे स्वतंत्र अध्ययन से इसकी पुष्टि नहीं हुई।

## किडनी प्रॉब्लम के इफेक्ट्स

आल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एम्स) की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत की कुल आबादी में से करीब 10 फीसदी लोग किडनी की विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिसमें से 7 प्रतिशत लोगों की किडनी खराब होने की वजह पेन किलर का सेवन है। चूंकि किडनी शरीर के कई महत्वपूर्ण कार्यों में योगदान देती है, जिनमें हड्डियों का स्वास्थ्य, रक्त निर्माण और हार्मोन संतुलन भी शामिल हैं। ऐसे में अगर किडनी ठीक से काम नहीं करती, तो शरीर में विषाक्त पदार्थ इकट्ठे होने लगते हैं, जिससे जल्द ही कई प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होने लगती हैं, जैसे किडनी फेल्योर, हाई ब्लड प्रेशर और हार्ट संबंधी समस्याएं।

## किडनी प्रॉब्लम्स की वजहें

हमारी किडनी के स्वास्थ्य का सीधा रिश्ता हमारी लाइफस्टाइल से है। खराब खान-पान, धूम्रपान, अत्यधिक शराब पीना, एक्सरसाइज ना करना और अत्यधिक दवाइयों का सेवन जैसी हमारी आदतें, किडनी प्रॉब्लम्स और फेलियर के लिए आमतौर पर जिम्मेदार होती हैं। हाई ब्लड शुगर या ब्लड प्रेशर जैसी स्थितियां भी किडनी को प्रभावित करती हैं। वास्तव में भारत में बढ़ते डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर के मामलों ने किडनी फेलियर के खतरे को काफी ज्यादा बढ़ा दिया है।

## अवेयर होना है जरूरी

अनेक वजहों के चलते, भारत में किडनी रोग एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या बनता जा रहा है। हर साल लगभग दो लाख से ज्यादा लोग किडनी फेल्योर का शिकार होते हैं, जबकि देश में डायलिसिस और ट्रांसप्लांटेशन की सुविधाएं सीमित हैं। कई दूसरी खतरनाक बीमारियों की तरह किडनी संबंधित बीमारियां भी आमतौर पर तब तक पहचान में नहीं आतीं, जब तक कि उनकी स्थिति गंभीर ना हो जाए, जिससे उनकी समय पर रोकथाम और इलाज कठिन हो जाता है।

## बचाव के उपाय

किडनी रोगों से बचाव के लिए ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को हमेशा नियंत्रित रखें, क्योंकि हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, किडनी फेलियर के प्रमुख कारण हैं। इसलिए जरूरी है कि नियमित रूप से ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच कराएं और डॉक्टर द्वारा सुझाए गए आहार और दवाओं का पालन करें।

धूम्रपान और अत्यधिक शराब का सेवन किडनी को नुकसान पहुंचाता है। ज्यादा शराब पीने और धूम्रपान करने से किडनी में रक्त संचार प्रभावित होता है, नतीजतन शरीर के विषाक्त पदार्थ ठीक से निकल नहीं पाते। किडनी सही रखनी है तो वजन को नियंत्रित रखें। क्योंकि मोटापा भी किडनी रोगों का एक बड़ा कारण है। नियमित रूप से व्यायाम करना और सक्रिय रहना



जरूरी है। वजन नियंत्रण से रक्तचाप और शुगर लेवल भी नियंत्रित रहता है, इससे किडनी पर दबाव कम पड़ता है।

बिना डॉक्टर के परामर्श के कभी भी दवाइयों का सेवन ना करें। पेन किलर तो अपने मन से कभी ना लें। दर्द निवारक दवाओं का अत्यधिक सेवन तथा बिना डॉक्टर की सलाह एंटीबायोटिक्स का सेवन किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचा सकता है। *



### कैसे रखें किडनी को हेल्दी


किडनी को स्वस्थ रखने का आसान तरीका है कि हम अपने खान-पान को संतुलित रखें। इसके लिए हमारे दैनिक आहार में प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और वसा की संतुलित मात्रा होनी चाहिए। अत्यधिक तला-भुना, प्रोसेस्ड फूड और ज्यादा नमक के सेवन से बचना चाहिए, क्योंकि ये सब किडनी पर दबाव डालते हैं। फलों, सब्जियों और साबुत अनाजों को हमें अपने दैनिक आहार में ज्यादा से ज्यादा शामिल करना चाहिए। शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने के लिए पर्याप्त मात्रा में साफ पानी पीना आवश्यक है। हालांकि जरूरत से ज्यादा पानी पीने के भी नुकसान हैं, इसलिए अपनी शारीरिक आवश्यकताओं के अनुसार ही पानी पीएं। नियमित किडनी चेकअप भी जरूरी है। विशेषकर अगर परिवार में किडनी रोग का इतिहास है, तब तो नियमित ही जांच करवाएं। इससे शुरुआती स्तर पर समस्या का पता चल सकता है और समय पर इलाज संभव हो सकता है। अगर इन सावधानियों को अपनाएं तो हम अपनी किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं और इससे जुड़ी बीमारियों के जोखिम को कम कर सकते हैं।

---

हेल्थ स्टडी

# मोटापे-डायबिटीज से बढ़ सकता है दोबारा लिवर कैंसर होने का रिस्क

आज के दौर में कैंसर के बढ़ते मामले लोगों के लिए चिंता के विषय बने हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार लिवर कैंसर, दुनिया भर में होने वाला छठा सबसे कॉमन कैंसर है। चिंताजनक बात यह है कि एक स्टडी में यह फैक्ट सामने आया है कि शुगर और मोटापा, लिवर कैंसर को दोबारा उभार सकता है। यानी जो पेशेंट लिवर कैंसर से एक बार उबर चुका है, उसे डायबिटीज और मोटापे की वजह से दोबारा यह कैंसर हो सकता है। जापान स्थित ओसाका मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी द्वारा हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा यानी एचसीसी पर शोध किया गया। यह हिपेटाइटिस संक्रमण से जुड़ा एक प्रकार का लिवर कैंसर है और वैश्विक स्तर पर कैंसर से संबंधित मौत का तीसरा प्रमुख कारण है। मोटापा और डायबिटीज, मेटाबॉलिक सिंड्रोम से जुड़े रोग हैं, जो लिवर डिजीज को बढ़ावा देते हैं, जिससे लिवर सिरोसिस और हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा हो सकता है। यूनिवर्सिटी के ग्रेजुएट स्कूल ऑफ मेडिसिन के डॉक्टर हिरोजी शिंकावा की रिसर्च टीम ने इस बारे में बताया कि हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा में मोटापे और शुगर के साथ देरी से ही सही लेकिन इसके रिपीट होने का रिस्क अधिक होता है। इससे बचने के लिए मोटापे और शुगर को नियंत्रित करना जरूरी है।



कैंसर से जुड़ी पत्रिका लिवर कैंसर में प्रकाशित स्टडी में टीम ने हिपेटोसेल्यूलर कार्सिनोमा के उन 1,644 रोगियों का एनालिसिस किया, जिनकी लिवर सर्जरी हुई थी। शोध के आधार पर जानने की कोशिश की गई कि शुगर, मोटापे और कैंसर के पोस्ट ऑपरेटिव परिणामों के बीच क्या संबंध है? परिणामों से पता चला कि ऑपरेशन के दो साल बाद मोटापे की पुनरावृत्ति का खतरा लगभग डेढ़ गुना बढ़ गया था और शुगर के मामले में यह जोखिम 1.3 गुना अधिक था।

स्टडी में यह भी पता चला कि मोटापे से जूझ रहे मरीजों का ऑपरेशन के पांच साल बाद दोबारा कैंसर होने का जोखिम 3.8 गुना अधिक था, जबकि शुगर के साथ कैंसर होने का यह रिस्क दोगुना अधिक था। रिसर्चर डॉक्टर शिंकावा ने कहा कि यह रिसर्च कैंसर के रिपीटेशन का शीघ्र पता लगाने और उचित उपचार की ओर बढ़ने में मदद कर सकता है। डॉक्टर शिंकावा कहते हैं कि मोटापे से ही टाइप-2 डायबिटीज की बीमारी होती है। यह दोनों स्थितियां अकसर आपस में जुड़ी रहती हैं। ऐसे में लिवर कैंसर के रिपीटिशन को रोकने के लिए डायबिटीज और मोटापे पर कंट्रोल जरूरी है। *

प्रस्तुति: अजेश कुमार

---

ट्रीटमेंट

रेखा देशराज



# पेन मैनेजमेंट के लिए परफेक्ट फिजियोथेरेपी

हाल के वर्षों में डिजिटल लाइफ के बढ़ते चलन की वजह से मिड और यंग एज के लोगों में बॉडी और ज्वाइंट पेन की समस्या काफी बढ़ गई है। इस पेन को मैनेज करने के लिए पेन किलर या अन्य महंगे ट्रीटमेंट के बजाय फिजियोथेरेपी बहुत ईजी, चीप और इफेक्टिव मैथड है।

दर्द को हम देख नहीं सकते केवल इसे महसूस कर सकते हैं। पहले दर्द को लेकर इस तरह की सोच हुआ करती थी कि इससे छुटकारा पाना शायद संभव नहीं है। लेकिन उन्नत हुई मेडिकल सुविधाओं की वजह से आज दर्द को आसानी से मैनेज किया जा सकता है। लेकिन हाल के दशकों में लोगों ने तब एक बड़ी समस्या महसूस की, जब दर्द को दवाओं से मैनेज करने का नतीजा कई तरह के साइड इफेक्ट्स के रूप में सामने आने लगा। यही कारण है कि इन दिनों पूरी दुनिया में फिजियोथेरेपी को दर्द के सबसे कारगर उपचार के रूप में मान्यता मिल रही है।

**बढ़ रहा है लोगों का भरोसा:** आज की अत्यधिक व्यस्त जीवनशैली में दर्द हममें से अधिकांश लोगों की कॉमन समस्या बन गई है, क्योंकि काम-काज में बढ़ती मशीनी और तकनीकी सुविधाओं के कारण, दिन के ज्यादातर समय जबरदस्त तरीके से व्यस्त रहते हुए भी शारीरिक रूप से हमारी गतिविधियां सुस्त या स्थिर किस्म की होती हैं। इसलिए बिना नियमित रूप से एक्सरसाइज किए, शरीर को जरूरी सक्रियता या मोबिलिटी नहीं मिलती है। इस कारण आज की तारीख में ज्यादातर लोग शरीर के किसी ना किसी हिस्से के दर्द से अकसर पीड़ित रहते हैं। ऐसे में इस दर्द से बचने के लिए अगर वे ज्यादा से ज्यादा दवाओं पर निर्भर रहते हैं, तो इसके कई तरह के साइड इफेक्ट्स परेशान करते हैं। जबकि फिजियोथेरेपी, दर्द से मुक्ति पाने का एक ऐसा पैरामेडिकल तरीका है, जिसमें दवाओं का या तो बिल्कुल इस्तेमाल नहीं होता या बहुत मामूली ही होता है। इस कारण फिजियोथेरेपी से हम कई तरह के साइड इफेक्ट्स से बचे रहते हैं। यही कारण है कि आज पूरी दुनिया में खासकर मॉडर्न कंप्यूटर बेस्ड लाइफस्टाइल से घिरे युवा, शरीर के विभिन्न किस्म के दर्दों से राहत पाने के लिए दवाओं से ज्यादा फिजियोथेरेपी पर भरोसा करने लगे हैं।

**फिजियोथेरेपी की इंपॉर्टेंस:** अगर आपके शरीर के किसी भी हिस्से में लगातार दर्द हो रहा है, तो सवाल है फिजियोथेरेपी क्यों चुननी चाहिए? इसकी पहली वजह तो यह है कि फिजियोथेरेपिस्ट दर्द को प्रबंधित करने में बेहतरीन ढंग से प्रशिक्षित होते हैं। यही कारण है कि उन्हें मूवमेंट डिसऑर्डर के इलाज में विशेषज्ञ माना जाता है। वे हमें दर्द से छुटकारा दिलाने और इसे अच्छी तरह से मैनेज करने का सबसे वैज्ञानिक और शरीर के अनुकूल तरीका सिखाते हैं। इसमें शारीरिक व्यायाम को बेहद वैज्ञानिक तरीका प्रदान किया जाता है, जो उपचार का प्रभावी जरिया बन जाता है।

फिजियोथेरेपिस्ट आपकी चोट का, आपकी दर्द की स्थिति को गहराई से समझकर आपके व्यक्तिगत शरीर के अनुरूप रिकवरी तरीका सुझाते हैं। जबकि मेडिसिनल ट्रीटमेंट में दवा के सैद्धांतिक रूप और उसके गुणों पर ध्यान दिया जाता है। फिजियोथेरेपी में किसी अन्य की बजाय आप खुद अपने उपचारक होते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट तो एक तरह का निर्देश देता है और आप अपने शरीर की अनुकूल सहनशक्ति के मुताबिक उसका पालन करते हैं। फिजियोथेरेपिस्ट को दरअसल, दर्द नहीं बल्कि दर्द पैदा करने वाली स्थितियों का इलाज करने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यही वजह है कि खेल की चोटें, गठिया का दर्द, पीठ का दर्द, सिर दर्द, सर्वाइकल या और कई तरह के पुराने और लंबे समय से चले आ रहे दर्दों से निवारण फिजियोथेरेपिस्ट दिला पाते हैं। वे आपको यह भी सिखाते हैं कि कैसे दर्द की स्थितियों का प्रबंधन किया जाए। इसलिए फिजियोथेरेपी के चलते दर्द से छुटकारा पाना आसान होता है। *


---

हर्बल जोन

रेखा

मूल रूप से समुद्र में पाए जाने वाले प्रवाल (मूंगे) के पावडर से तैयार प्रवाल पिष्टी का अत्यधिक औषधीय महत्व है। यह अनेक रोगों में कारगर है। लेकिन इसका सेवन आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह से ही करना चाहिए।

# इम्यूनिटी-एनर्जी का स्रोत खनिज औषधि प्रवाल पिष्टी



शरीर में कैल्शियम की कमी, कमजोरी, सूखी खांसी, लगातार रहने वाला सिरदर्द, गैस, जलन, पाचन तंत्र की समस्याओं, पित्त विकार, मासिक धर्म में अनियमितता, शरीर में ऊर्जा और इम्यूनिटी बढ़ाने का अचूक स्रोत खनिज औषधि प्रवाल पिष्टी को माना जाता है। हालांकि प्रवाल पिष्टी जड़ी बूटी नहीं है, यह मूंगे के चूर्ण से बनी खनिज औषधि है। लेकिन आयुर्वेद में इसका इतना ज्यादा इस्तेमाल होता है कि लोग इसे भी एक जड़ी बूटी ही समझ लेते हैं। जबकि प्रवाल पिष्टी प्रवाल या कोरल की भस्म या उसका बारीक पावडर होता है।

**क्या होता है प्रवाल:** प्रवाल पिष्टी, जैसा कि नाम से स्पष्ट है, यह प्रवाल या मूंगे से बनाई जाती है। मूंगे को शुद्ध करके गुलाबजल में पीसकर इसका महीन पावडर तैयार किया जाता है। इसमें प्राकृतिक कैल्शियम भरपूर मात्रा में होता है। वास्तव में प्रवाल प्राकृतिक कैल्शियम का ही एक स्रोत है। यह आमतौर पर समुद्रतल पर जड़ जमा लेता है।

**कई समस्याओं में उपयोगी:** प्रवाल पिष्टी में शरीर को ठंडक प्रदान करने का अद्भुत गुण होता है। यह एसिडिटी, हड्डियों की कमजोरी और हार्मोनल असंतुलन को ठीक करने में उपयोगी भूमिका निभाती है। आयुर्वेद में प्रवाल पिष्टी का सर्वाधिक इस्तेमाल हड्डियों को मजबूती देने, पाचनतंत्र संबंधी समस्याओं को खत्म करने और उच्च पित्त रोगों से छुटकारा दिलाने में किया जाता है।

**आसानी से उपलब्ध:** यह करीब-करीब सभी आयुर्वेदिक स्टोर में मिल जाती है। अगर ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से आपको इसे मांगाना है तो कई शॉपिंग वेबसाइटों से खरीद सकते हैं। इसे जब भी खरीदें, विश्वसनीय दुकान से या ब्रांडेड कंपनी से ही लें। जहां तक इसकी कीमत की बात है तो 5 ग्राम प्रवाल पिष्टी 150 रुपए से 500 रुपए के बीच मिलती है। माना जाता है कि इसकी कीमत इसके ब्रांड और इसकी गुणवत्ता पर निर्भर होती है। जब इसे किसी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या आयुर्वेदिक औषधि की दुकान से खरीदें तो उन्हें स्पष्ट बताएं कि आपको चिकित्सीय उपयोग के लिए चाहिए, क्योंकि इसके कई उत्पाद गैर चिकित्सकीय भी होते हैं। इसे खरीदते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि हमेशा सही और ताजा उत्पाद ही खरीदें। एक्सपाइरी डेट की प्रवाल पिष्टी, फायदे की जगह नुकसान भी कर सकती है।

**विशेषज्ञ से लें सलाह:** यूं तो प्रवाल पिष्टी का भारतीय समाज में सदियों से इस्तेमाल होता रहा है। लेकिन सुरक्षित तरीका यही है कि इसका उपयोग बिना आयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह के ना करें। किसी योग्य आयुर्वेदिक चिकित्सक या विशेषज्ञ से सलाह लेकर ही इसका उपयोग करें, वही आपके लिए इसकी उपयुक्त खुराक भी तय करेंगे। क्योंकि हर व्यक्ति की शारीरिक स्थिति, उसकी समस्या और समस्या के स्तर के अनुसार प्रवाल पिष्टी की दी जाने वाली खुराक तय की जाती है।

इसे जिन चीजों के साथ लिया जाता है, उसमें आमतौर पर गुलकंद, शहद, दूध या अन्य पदार्थ होते हैं, जो आपको सलाह देने वाला विशेषज्ञ तय करता है। इसे इसलिए भी एक्सपर्ट की सलाह से उपयोग करना चाहिए, क्योंकि यदि इसकी खुराक असंतुलित हो गई, तो इसके कई नुकसान हो सकते हैं। *

# 32 जिलों में नहीं आया एक भी विदेशी पर्यटक

प्रदेश के 32 जिलों में एक भी विदेशी पर्यटक नहीं आया है। इनमें अलीगढ़, अमेठी, औरैया, आजमगढ़, बागपत, बलरामपुर, बाराबंकी, बहराइच, भदोही, बुलंदशहर, देवरिया, एटा, फरुखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गाजीपुर, गोंडा, हापुड़, हरदोई, हाथरस, जालौन, कानपुर देहात, लखीमपुर खीरी, ललितपुर, महराजगंज, मैनपुरी, मीरजापुर, रायबरेली, शामली, सीतापुर व सुलतानपुर तथा सोनभद्र के नाम शामिल हैं। सोनभद्र में विश्व का सबसे पुराना सलखन जीवाश्म पार्क है। इसके बाद भी यहां विदेशी पर्यटकों की संख्या शून्य रही है।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर सख्त हुए सीएम योगी

## नदियों के किनारे की मिट्टी-बालू व सिल्ट से बनाई जाए ईंट

संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की समीक्षा बैठक में नदियों के किनारे की मिट्टी-बालू व सिल्ट का प्रयोग ईंट बनाने में करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। अभी ईंट बनाने के लिए भट्ठा मालिक उपजाऊ जमीन की मिट्टी का प्रयोग करते हैं। इससे खेतों में गड्ढे हो जाते हैं। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि नदी के कैचमेंट क्षेत्र में किसी भी प्रकार का अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। तकनीक का उपयोग करते हुए इसे सख्ती से रोका जाए। स्वीकृत खनन क्षेत्र के अंदर खनन कर रहे वाहनों में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (वीटीएस) लगाया जाए, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि खनन स्वीकृत क्षेत्र में हो रहा है या नहीं।

### अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी

मुख्यमंत्री ने अपने आवास पांच कालिदास मार्ग में आयोजित बैठक में बुधवार को कहा कि खनन के मामले में विभिन्न स्तर पर अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से प्रदेश में उपखनिज का परिवहन करने वाले वाहनों की वैधता की जांच के लिए उत्तराखंड, हरियाणा, राजस्थान व मध्य प्रदेश से एपीआइ इंटीग्रेशन किए गए हैं। जिलों में गठित टास्क फोर्स को नियमित छापेमारी करे। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाए। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2407.20 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति हुई है। इसमें और वृद्धि की जाए। जिलाधिकारी व जिला खनन अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। सोनभद्र, बांदा, कौशांबी तथा महोबा में राजस्व वृद्धि की असीम



संभावनाएं हैं। कम राजस्व प्राप्त करने वाले जिलों को राजस्व बढ़ाने के अन्य उपायों पर विचार करने के लिए कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागीय स्तर पर लंबित मामलों का शीघ्र हल किया जाए। जून से अगस्त के बीच वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार की जाए। समय से कार्ययोजना तैयार करने से सरलतापूर्वक कार्य संपन्न होंगे। मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग के अधिकारियों को सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए तेजी से प्रयास करने के निर्देश दिए। सड़कों के किनारे ओवरलोड वाहन कतई न खड़े किए जाएं। कर चोरी व ओवरलोडिंग रोकने के लिए जिलों में 55 चेक गेट बने हैं, इन पर शीघ्र वे इन मोशन संयंत्र लगाए जाएं। ओवरलोडिंग हर हाल में जीरो प्वाइंट पर ही रोकी जाए। केंद्र सरकार के खनन मंत्रालय ने राज्य खनन सूचकांक बनाने के निर्देश दिए हैं। इसमें विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएं।

## उत्तर प्रदेश में बढ़ रही है पर्यटकों की संख्या, नौ माह में आए 47.61 करोड़ पर्यटक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की रुचि और बढ़ी है। जनवरी से सितंबर 2024 के बीच प्रदेश में 47.61 पर्यटकों ने विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा किया। इनमें 47.47 करोड़ घरेलू और 14.11 लाख विदेशी पर्यटकों की संख्या शामिल है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार सर्वाधिक 1,84,036 विदेशी पर्यटकों ने वाराणसी का भ्रमण किया है, जबकि सर्वाधिक 13,55,87,370 घरेलू पर्यटकों ने अयोध्या का भ्रमण किया है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग की तरफ से हर पर्यटन स्थल पर आने वाले पर्यटकों के आंकड़े एकत्र किए जा रहे हैं। जनवरी से जून के बीच करीब 33 करोड़ पर्यटकों ने उत्तर प्रदेश का भ्रमण किया था। इसी प्रकार पिछले वर्ष 48 करोड़ पर्यटकों ने प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा किया था। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 13,55,90,523 पर्यटक आए, जिसमें 13,55,87,370 घरेलू और 3,153 विदेशी शामिल हैं। भगवान कृष्ण की स्थली मथुरा में कुल 6,81,55,926 श्रद्धालु पहुंचे, जिसमें 6,80,68,697 घरेलू और 87,229 विदेशी शामिल है।

# संगम नगरी में गंगा पूजन करेंगे पीएम मोदी

## विश्व को देंगे महाकुंभ का निमंत्रण

एजेंसी

नई दिल्ली, 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भव्य बनाने की कवायद पूरी तेजी के साथ जारी है। महाकुंभ के लिए पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी 13 दिसंबर को महाकुंभ तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ सात दिसंबर को सभी तैयारियों का जायजा लिया। इसके मद्देनजर सभी महत्वपूर्ण सड़कों का तेजी से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रयागराज की अपनी यात्रा के दौरान, वह 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे।



प्रधानमंत्री का यात्रा कार्यक्रम दोपहर करीब 12:15 बजे पवित्र संगम नोज की यात्रा के साथ शुरू होगा, जहां वह पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन के साथ-साथ पूजा अनुष्ठान के लिए अक्षय वट वृक्ष का दौरा किया जाएगा। बाद में, प्रधानमंत्री आयोजन की योजनाओं और प्रगति की समीक्षा करने के लिए महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। दोपहर 2 बजे तक, उनका भव्य धार्मिक आयोजन के लिए बुनियादी ढांचे और तैयारियों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विकासात्मक पहलों का औपचारिक रूप से उद्घाटन और शुभारंभ करने का कार्यक्रम है।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफ्टी 24,641.80

## दिल्ली मेट्रो में केबल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार, सात फरार

एजेंसी

नई दिल्ली, दिल्ली मेट्रो में केबल चोरी करने वाले 11 सदस्यीय गिरोह के चार सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार दिल्ली मेट्रो नेटवर्क से सिग्नलिंग केबल चुराने वाले कुख्यात गिरोह का पदार्फाश किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह गिरोह विशेष रूप से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी और द्वारका के बीच ब्लू लाइन पर मेट्रो केबल की चोरी करता था। संयुक्त पुलिस आयुक्त (परिवहन रेंज) विजय सिंह ने कहा, गिरोह की गतिविधियों के कारण मेट्रो सेवाएं बाधित हुईं और यात्रियों को काफी असुविधा हुई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पहले भी चोरी के तीन मामलों में शामिल रह चुके राशिद मलिक (26), शाहरुख मलिक (29), रमजान (32) और जुनैद उर्फ भूरा (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि चोरी का पता पांच दिसंबर को सुबह पांच बजे चला, जब दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के सिग्नल विभाग के सेक्शन इंजीनियर ने नियंत्रण कक्ष में असामान्य सिग्नल सर्किट अलार्म की सूचना दी। जेसीपी ने कहा, जांच के बाद पता चला कि मोती नगर और कीर्ति नगर मेट्रो स्टेशन के बीच 140 मीटर लंबी सिग्नल केबल कट गई थी। यह महत्वपूर्ण केबल ट्रैक सर्किट को डेटा भेजती है, जिससे ट्रेन की स्थिति की निगरानी करने में मदद मिलती है। अधिकारी ने कहा, जी राम गोपाल नाइक (डीसीपी, मेट्रो) की देखरेख में एक टीम बनाई गई और आगे की जांच शुरू की गई। टीम ने गिरोह की गतिविधियों का पता लगाया और लक्षित छापे मारे। इन प्रयासों से शाहरुख मलिक की गिरफ्तारी हुई और बाद में उसके तीन साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा कि गिरोह के बाकी सात सदस्यों (मासूम, फैजल, इस्लाम, नदीम, सिद्धू, तेली और सरफराज) की पहचान कर ली गयी है। पुलिस ने बताया कि बाकी आरोपी फरार हैं और उन्हें पकड़ने के लिए छापेमारी जारी है।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों का विकास जरूरी : राष्ट्रपति मुर्मू

एजेंसी

नई दिल्ली, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि देश की 64 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों का विकास महत्वपूर्ण है। राष्ट्रपति ने 45 पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि सरकार ने ठोस परिणाम हासिल करने के उद्देश्य से पिछले दशक में पंचायतों के सशक्तीकरण के लिए गंभीर प्रयास किए हैं। मुर्मू ने कहा, ह्लआत्मनिर्भर और सक्षम स्थानीय निकायों के आधार पर ही विकसित



भारत की नींव रखी जा सकती है। पंचायतों को अपने राजस्व के स्रोत विकसित कर आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करना चाहिए। यह आत्मनिर्भरता ग्राम सभाओं को आत्मविश्वास और देश को मजबूती प्रदान करेगी।' एक बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ने कहा कि देश की लगभग 64 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रहती है। उन्होंने कहा, 'इसलिए, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए गांवों और ग्रामीणों का विकास और सशक्तीकरण महत्वपूर्ण है।' जमीनी स्तर पर समावेशी और सतत विकास को आगे बढ़ाने में उनके अनुकरणीय प्रयासों के लिए 45 पंचायतों को राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार प्रदान किए गए। इन पंचायतों में से 17 का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। मुर्मू ने 'राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार' के सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार उनके समर्पण और प्रयासों का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मान उन्हें और भी बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा अन्य ग्राम पंचायतों को भी ग्राम विकास की दिशा में सार्थक प्रयास करने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्रपति ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बना रही हैं। उन्होंने कहा, यह प्रसन्न्ता की बात है कि महिला प्रतिनिधि जमीनी स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।


### न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

रा०प्र०क्र०-ब-121/2024-25

ग्राम- कवडू तहसील राजपुर

-:: ईश्तहार ::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सूरजदेव आ० स्व० बन्धू जाति अगरिया निवासी ग्राम कवडू थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा अपने पिता स्व० बन्धु की मृत्यु ग्राम कवडू में दिनांक 04.02.2022 को हुआ है। किन्तु जन्म/मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वंश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है। आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 20/12/2024 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 13/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजपुर जिला-बलरामपुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र० //अ-20(3)/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक आनंद कुमार गोयल पिता साधु राम उम्र 70 वर्ष निवासी डांडगांव तहसील उदयपुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने स्वामित्व की मोहल्ला मनीपुर नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर-6 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 4309/2, 4310/2 रकबा 0.002 हे0 एवं 0.011 हे0 कुल रकबा 0.013 हे० भूमि को अनावेदिका/क्रेता मन्तोष साहू पिता बन्धु साहू जाति तेली निवासी अम्बेडकर वार्ड मनीपुर अम्बिकापुर के पास बिक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनाकः- 11/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

### सार्वजनिक सूचना

श्री विशाल कुमार गुप्ता द्वारा भारतीय डाक सेवा के माध्यम से श्री द्वारिका प्रसाद गुप्ता (ग्राम- दहेजवार जोगी पेट्रोल पंप के सामने तहसील / जिला बलरामपुर छ.ग.)

को भेजा हुआ दिनांक 7.12.2024 का पत्र श्री द्वारिका प्रसाद गुप्ता ने 12.12.2024 को स्वीकृत करने से मना किया है जिस पत्र में कहा गया था कि मा.उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के दिनांक 20. 4 .2023 के स्थगन आदेश का आदर करते हुए श्री विशाल कुमार गुप्ता के स्वामित्व और कब्जेवाली भूमि के कब्जे के साथ कोई छेड़छाड़ ना करें

इस सार्वजनिक सूचना के जरिये उस पत्र का आशय श्री द्वारिका प्रसाद गुप्ता को प्राप्त हुआ और आम जनता को सूचित किया ऐसा माना जाएगा।

श्री. द्वारिका प्रसाद गुप्ता को चेतावनी दी जाती है की, श्री. द्वारिका प्रसाद गुप्ता द्वारा, उनके बेटों द्वारा, अथवा उनके अज्ञात साथियों द्वारा( श्री. विशालकुमार गुप्ता की स्वामित्ववाली और कब्जेवाली भूमि (खसरा क्र. 221, 0.18 आरे, ग्राम- दहेजवार, तहसिल/जिला-बलरामपूर) में बिना अनुमती के प्रवेश किया अथवा उक्त भूमी के विशालकुमार गुप्ता के कब्जे के साथ छेडछाड किया गया अथवा अपराधिक अतिचार या अन्य कोई अपराध किया अथवा शांती भंग करके तणावपूर्ण स्थिती निर्माण की गई अथवा उक्त भूमि पर उपस्थित श्री. विशालकुमार गुप्ता के रिश्तेदारों को डराने अथवा मारपीट की गयी तो उन सभी सदोष कृत्य को मा. उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के क्रिमिनल मिसलिनियस पिटीशन क्र. 856/2023 के दि. 20.04.2023 के श्री. विशालकुमार गुप्ता के हित में दिये हुए स्थगन आदेश की अवमानना मानते हुए श्री. द्वारिका प्रसाद गुप्ता और उनके साथियों के खिलाफ मा. उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ के समक्ष मा. न्यायालय की अवमानना की याचिका दाखिल की जायेगी तथा श्री. द्वारिका प्रसाद गुप्ता और उनके साथियों के खिलाफ अपराधिक मामला विधीवत दर्ज किया जाएगा। उक्त भूमी के चलते विशालकुमार गुप्ता और श्री. द्वारिका प्रसाद गुप्ता के बीच वाद उत्पन्न हुआ है, द्वारिका प्रसाद गुप्ता के खिलाफ मा. उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ और निचली अदालतों में मामले लंबीत है, और पुलीस के पास पुलीस शिकायते भी विचाराधीन है। आम जनता को यह सूचित किया जाता है की, उक्त भूमि का स्वामित्व और कब्जा श्री. विशालकुमार गुप्ता के पास है, इसलिये उक्त भूमी का खरीद-बिक्री का अवैध व्यवहार श्री. द्वारिका प्रसाद गुप्ता के साथ नही किया जाये, अन्यथा उचित अपराधिक और दिवाणी कार्यवाही सभी संबंधितों के खिलाफ की जायेगी इसका विशेष ध्यान रखें।

विशाल कुमार गुप्ता
पता-रूम नं .001 वृंदावन धाम ग्राउंड फ्लोर म्हारल पाडा वरप,ता, कल्याण


## सड़क पार कर रहे व्यक्तियों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन की मौत

संवाददाता

गाजियाबाद , गाजियाबाद जिले के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में सड़क पार कर रहे कुछ लोगों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि घटना मंगलवार रात को हुई। शहर में स्थित विजय नगर कॉलोनी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या नौ पर सड़क पार कर रहे चार लोगों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। क्रॉसिंग रिपब्लिक की थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के दादरी के निवासी पवन कुमार (45) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि तीन अन्य घायलों को अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान दो महिलाओं सुनीता (38) और नीलम (45) की बुधवार को मौत हो गई। उन्होंने बताया कि श्वेता (35) का दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। गर्ग ने बताया कि हादसे के शिकार लोग बस से उतरकर विजय नगर में बागू कॉलोनी अंडरपास से सड़क पार करने की कोशिश कर रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। उन्होंने कहा कि आरोपी चालक को पकड़ने के लिए इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज हासिल कर ली गई है, मामले की विस्तृत जांच जारी है।


### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०)

रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष

ग्राम प.ह.न.

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पिता राम ?कुमार जाति पनिका निवासी ग्राम सिरसी प.ह.न. रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ०ग०) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र अंकुश कुमार का जन्म दिनांक 01-01-2014 को ग्राम सिरसी में हुई है. अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नही करा पाया है। आवेदक अपने पुत्र अंकुश कुमार का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत सिरसी को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 20/12/2024 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथी के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 4/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
भैयाथान
जिला सूरजपुर (छ०ग०)

### न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा

रा०प्र०क्र०-../ब-121/2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक रमेश कुमार यादव आ० स्व० भागवत यादव निवासी केदारपुर गुदड़ी रोड, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा अपने संयुक्त स्वामित्व की मोहल्ला केदारपुर गुदरी रोड नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1193, 1193, 1249/4 रकबा क्रमशः 0.11, 0.03, 0.01 एकड़ भूमि से प्रस्तावित नक्शानुसार भू-तल पर रकबा 106.708 वर्गमीटर, प्रथम तल पर रकबा 116.038 वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भवन निर्माण कराने हेतु आवेदन पत्र मय मेन्टेनेन्स खसरा एवं प्रस्तावित ब्लूप्रिंट नक्शा की प्रति सहित आवेदन पत्र भवन निर्माण शाखा में प्रस्तुत किया है जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/12/2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 12/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर एव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर


## राहुल गांधी संभल-हाथरस के बहाने यूपी को दंगों में झोंकना चाहते हैं: बृजेश पाठक

संवाददाता

लखनऊ। कांग्रेस और उसको चलाने वाले गांधी परिवार के सांसद सदस्यों राहुल गांधी एवं प्रियंका वाड्रा क्या अपराध और अपराधियों का धर्म और जाति देखकर किसी पीड़ित परिवार के साथ सहानुभूति जताते या दूरी बनाते हैं। ऐसा इसलिये कहा जा रहा है क्योंकि पीड़ितों के साथ खड़े होने के मामले में गांधी परिवार काफी चूजी हो गया है। वह संभल के दोषियों से तो मिलते हैं लेकिन बहराइच हिंसा में मारे गये हिन्दू युवक के परिवार से जाकर मिलना तो दूर उससे बात करना भी पसंद नहीं करते हैं। बता दें गत दिनों दिल्ली में संभल के पीड़ितों से मिलने के बाद अब राहुल गांधी हाथरस के गांव बूलगढ़ी पहुंचे हैं। राहुल ने यहां चार वर्ष पूर्व हुए बलात्कार कांड के पीड़ित परिवार से मुलाकात की। बूलगढ़ी में 14 सितंबर, 2020 को अनुसूचित जाति की युवती पर हमला हुआ था। इसके भाई ने गांव के ही संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में युवती के बयानों के आधार पर गांव के तीन युवकों के नाम और धाराएं बढ़ाई गईं।


### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०-/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सचिन गर्ग आ० प्रदीप गर्ग, निवासी पुराना बस स्टैण्ड के पास, शिवधारी आर्केड के सामने ब्रम्हपारा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ०ग०) के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदक द्वारा अनावेदक विष्णु प्रताप अग्रवाल (एच.यू.एफ.) आ.स्व. चन्दगी राम अग्रवाल, निवासी सेठ बसंतलाल मार्ग अम्बिकापुर, जिला सरगुजा के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला सत्तीपारा स्थित शीट नं. 09 की नजूल भूमि खसरा क्रमांक 3467/4866/95 में से रकबा 1021 वर्गफीट भूमि को पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 02.08.2022 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतः उक्त पंजीबद्ध विक्रय पत्र के आधार पर आवेदक द्वारा क्रयशुदा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु पंजीबद्ध विक्रय पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण इरशाद खान, इरफान खान, राशिदा खातुन सभी आ.स्व. मुश्तकीम खान, निवासी मोमिनपुरा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदकगण की माता श्रीमती वाजदा खातून पत्नि मो. मुश्तकीम खान के स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला परार्डांड, स्थित शीट नं. 08 की नजूल भूमि खसरा क्रमांक 2445, 2446 रकबा क्रमशः 0.13, 0.02 एकड़ भूमि है। भूधारक श्रीमती वाजदा खातून की मृत्यु दिनांक 05.01.2024 को हो गई है। अतः भूधारक की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदकगण द्वारा फौति नामांतरण के आधार पर उक्त भूमि के नजूल अभिलेख में स्वयं का नाम दर्ज कराने हेतु भूधारक की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 11/12/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

### न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०

ईश्तहार

रा०प्र०क्र०-/अ-6/2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदकगण इरशाद खान, इरफान खान, राशिदा खातुन सभी आ.स्व. मुश्तकीम खान, निवासी मोमिनपुरा अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, कि आवेदकगण एवं उनकी माता श्रीमती वाजदा खातून पत्नि मो. मुश्तकीम खान के संयुक्त स्वामित्व व अधिपत्य की नगर अम्बिकापुर, मोहल्ला परार्डांड़, स्थित शीट नं. 08 की नजूल भूमि खसरा क्रमांक 2553/4 रकबा 0.07 एकड़ भूमि है। सह भूधारक श्रीमती वाजदा खातून की मृत्यु दिनांक 05.01.2024 को हो गई है। अतः भूधारक की मृत्यु हो जाने उपरांत आवेदकगण द्वारा उक्त भूमि के नजूल अभिलेख से अपनी माता अर्थात भूमि के सह भूधारक श्रीमती वाजदा खातुन पत्नि मो. मुश्तकीम खान का नाम विलोपित कराने हेतु भूधारक की मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/12/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 11/12/2024 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# कलेक्टर ने प्रतापपुर क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र, शक्कर कारखाना व जगन्नाथपुर खुली खदान का किया निरीक्षण







**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** शुक्रवार को कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिले के प्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत धान खरीदी केंद्र रामनगर, दावनकरा एवं प्रतापपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी, धान की गुणवत्ता, तौल व भराई का जायजा लिया तथा रकबा समर्पण की जानकारी ली। उन्होंने धान बेचने आए कृषक बंधुओं से व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया और समिति के प्रबंधक को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने खरीदी केंद्रों के निरीक्षण के दौरान उपस्थित संबंधितों को स्पष्ट निर्देश दिये कि किसानों में शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों और सुविधाओं पर किसी तरह की भ्रम की स्थिति ना हो। उन्होंने धान खरीदी में किसी भी लापरवाही पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खरीदी केंद्रों में लाईट एवं पानी की व्यवस्था पर्याप्त संख्या में मजदूरों की उपिस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन के निर्देशानुसार सभी व्यवस्था करते हुए धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से संपन्न करने के निर्देश दिए। अपने दौरे में

## आंगनबाड़ी, स्कूल व छात्रावास भी पहुंचे कलेक्टर

कलेक्टर श्री जयवर्धन ने मंडी बोर्ड प्रतापपुर के गोदाम का अवलोकन भी किया और जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। अपने दौरे के दौरान कलेक्टर श्री जयवर्धन ने हाउसिंग बोर्ड कैंपस प्रतापपुर, एकलव्य आवासीय विद्यालय के निर्माणाधीन भवन एवं बैडमिंटन कोर्ट हेतु चयनित भूमि का भी अवलोकन कर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने बालक छात्रावास का निरीक्षण किया और बच्चों से बातचीत की। बातचीत के दौरान उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई की स्थिति, स्वास्थ्य, खानपान, व्यायाम, योग, खेलकूद गतिविधि सहित उनकी दिनचर्या और वहां उपलब्ध व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने बच्चो से बातचीत कर स्वच्छता और स्वास्थ्य को लेकर उन्हें जागरूक किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र प्रतापपुर का भी दौरा किया। उन्होंने बच्चों के वजन की नियमित जांच करने , पोषण ट्रेकर पर बच्चों की नियमित एंट्री के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश।

**बच्चो को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु शिक्षक करें गम्भीर प्रयास**

आत्मानंद स्कूल प्रतापपुर के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों एवं शिक्षकों के उपस्थिति आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की । इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में शिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए गंभीर प्रयास करने को कहा। उन्होंने बच्चों के बेहतर विकास के लिए नियमित अभिभावक सम्मेलन करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बच्चों के कक्षा में जाकर उनसे बातचीत की और उनके पाठ्यक्रम और दी जा रही शिक्षा को लेकर जानकारी प्राप्त की। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों को निर्देशित करते हुए उन्होंने गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के साथ शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए कहा ताकि बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके। इसके अलावा कलेक्टर श्री जयवर्धन ने शक्कर कारखाना केरता का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान उन्होंने शक्कर कारखाना के उत्पादन, मजदूरों के संबंध में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने एसईसीएल जगन्नाथपुर खुली खदान का निरीक्षण भी किया और खदान का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिकाओं का खाता खोलेने हेतु चलाया जा रहा है अभियान

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** महतारी वंदन योजना की राशि से सुकन्या समृद्धि योजना के खाते खोले जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं उक्त अनुक्रम में जिले अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा डाक विभाग से समन्वय कर 10 से 21 दिसम्बर तक 10 वर्ष तक बालिकाओं का सुकन्या समृद्धि योजना अंतर्गत खाता खोले जाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में महतारीयों के द्वारा



बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जा रहा है और उनके द्वारा अपनी बच्चियों के भविष्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से खाता खोला जा रहा है।

जिले में वित्तीय वर्ष 2024-25 में नवम्बर तक लगभग 2 हजार बालिकाओं का खाता खोला जा चुका है। अभियान अंतर्गत लक्ष्य रखा गया है कि प्रत्येक बालिका का सुकन्या समृद्धि का खाता खोला जावे जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके।

# प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूरे होने पर मुख्यमंत्री ने किया लोगों को संबोधित

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर बीते गुरुवार को राज्य की जनता के नाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा संदेश दिया गया। जिसका

## गांवों में किया गया लाइव प्रसारण

प्रसारण अपराह्न 4 बजे एवं रात्रि 8 बजे क्षेत्रीय समाचार चैनलों, आकाशवाणी, एफएम रेडियो एवं सीएमओ के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से किया गया। मुख्यमंत्री संदेश के साक्षी समस्त जिलेवासी बने। मुख्यमंत्री के संदेश को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह था। इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत के पंचायत भवन व महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर मुख्यमंत्री संदेश के प्रसारण हेतु पुख्ता इंतजाम किये गए थे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में शासन के एक वर्ष के कार्यों



का जिक्र किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेश की जनता की खुशहाली एवं उन्नति के लिए बीते 01 वर्ष में किए गए कार्यों, योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने जनता को ''एक वर्ष विश्वास का परब दिवस'' के लिए बधाई दी। कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशानुसार और जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में लाइव प्रसारण का आयोजन किया गया था, जहां लोगों ने बड़ी तन्मयता के साथ मुख्यमंत्री के संदेश को सुना। जिले के नागरिक व ग्रामीणों ने भी साय सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों को सराहा। इस अवसर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ने मौजूदगी दर्ज कराई।

# कल्याणपुर में लगा जिला स्तरीय पशु मेला

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा निर्देश एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू के मार्गदर्शन पर उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉक्टर आर.एस. बघेल के नेतृत्व में सूरजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत कल्याणपुर में जिला स्तरीय पशु मेला संपन्न हुआ।

जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों द्वारा रुचि ली गई और विभिन्न श्रेणी के पशुधन गाय, बैल, सांड, भैंस, भैसा, बछड़ा, बछिया, बकरा, बकरी, भेड़, सूकर, मुर्गी, बतख एवं खरगोश आदि ने भाग लिया। मेला में विभिन्न श्रेणियों के उन्नत पशुधन की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें श्रेणीवार को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार पशुपालकों को प्रदाय किया गया। मेला में पशुपालकों को चारा प्रसंस्करण जैसे पैरा का यूरीया उपचार, साइलेज निर्माण एवम अजोला उत्पादन, का स्टॉल के माध्यम से बताया गया। मेला में पशु चिकित्सा एवं उपचार शिविर का भी आयोजन किया गया उपस्थित पशुपालकों को पशुधन हेतु किसान क्रेडिट कार्ड व विभागीय योजनाओं से अवगत कराया गया। मेला में जनप्रतिनिधि सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद पंचायत ओमप्रसाद सिंह, किमलेश कुमार सिंह, राम मरावी, बाबूलाल राजवाड़े उप सरपंच ग्राम पंचायत कल्याणपुर चंद्रमणि एवं अन्य जनप्रतिनिधि डॉ आरएस बघेल, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, एम.एस. सोनवानी, सहायक संचालक मत्स्य विभाग पशुपालक किसान विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनएसयुआई की जिला कार्यकारिणी भंग

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले के नये एनएसयुआई केअध्यक्ष बनने के बाद कार्यकर्ता उत्साहित है इसी बीच ज़िलाध्यक्ष आकाश साहू ने पत्र जारी कर पुरानी जिला, ब्लॉक, नगर, कॉलेज व स्कूल की कार्यकारिणी को भंग कर दिया है आकाश साहू ने बताया कि अब नयी कार्यकारिणी का विस्तार जल्द किया जाएगा। जिसमे संगठन के प्रति सच्ची निष्ठा रखने वाले व ईमानदारी से संगठन के प्रति काम करने वालो को कार्यकारिणी में जगह दी जाएगी।

सभी ब्लॉको में बैठक करने के साथ-साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से सम्पर्क करके कार्यकारिणी जारी किया जाएगा।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग सूरजपुर**
**जिला- सूरजपुर ( छ.ग. )**

Phone :- 07775-266048 E-Mail ID : ee-res-surajpur@gov.in

**निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय बार**

क्रमांक / 2607 / वलेलि / ग्रा.यां.से. / 2024-25 सूरजपुर दिनांक : 06.12.2024

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | Constructin of Primary school building at Patna block Ramanujnagar Distt.-Surajpur (Second Call) | 14.92 लाख | 16-12-2024 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा के सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी दिनांक 06.12.2024 से कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर एवं विभागीय वेबसाईड https://cgres.cgeprocurement.gov.in प्राप्त की जा सकती है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,**
**संभाग सूरजपुर, जिला- सूरजपुर**

जी-242504504 / 1


## जनसंपर्क विभाग द्वारा किया गया फ़ोटो प्रदर्शनी का आयोजन

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यहां संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा दो दिवसीय फ़ोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। शुक्रवार फ़ोटो प्रदर्शनी देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। आज शनिवार को भी प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

इस प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा विष्णु के सुशासन अंतर्गत जिले एवं राज्य में किए गए विकास कार्यों की झलकियां देखी जा सकती है।

# शराब दुकानों की तीसरी आंखे बंद कर कोचियों को की जा रही सप्लाई

## सेटिंग पर चल रहा काम, अशांत हो रहा गांवो का शांत माहौल

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** जिले में व्यापक पैमाने पर फलफूल रहे अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने की दिशा में आबकारी विभाग के सुस्त रवैये के कारण इस अवैध कारोबार में संलिप्त लोगो के हौसले बुलंद है। यही वजह है कि शहर से लेकर जिले के गांव तक अवैध अंग्रेजी शराब धड़ल्ले से पहुंच रहा है और लोगो को आसानी से परोसा जा रहा है।

शराब की इस तरह खुले आम बिक्री लोगो के लिए चिंता का विषय बन गया है। वहीं सूरा प्रेमियों को गांव गांव तक उपलब्धता के कारण गांव के शांत वातावरण में अशांति का जहर घुल रहा है। इस अवैध व्यवसाय से जुड़े लोग व संलिप्त विभाग के कर्मचारी मौज उड़ा रहे है और गांव के अशांत माहौल में शांति व्यवस्था कायम करने पुलिस को पसीना बहाना पड़ रहा है। सहित जिले के सरकारी शराब दुकानों से कोचियों को बड़ी मात्रा में शराब उपलब्ध कराने के मामले में चौकाने वाली जानकारी सामने आ रही है। सरकार ने निगरानी के लिए शराब दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, परंतु विडंबना है कि शहर सहित जिले के



शराब दुकानों में अधिकांश कैमरे बंद पड़े हैं। इसी की आड़ में कोचियों को बड़ी मात्रा में शराब की सप्लाई बेखौफ हो रही है।

जिले में अवैध शराब बिक्री करने विवादों में घिरे रहे पूर्व लोकेशन अधिकारी को फिर से यहां का जिम्मा देने की खबर है। अधिकारी कोचियों से सेटिंग कर दुकान से भरपूर मात्रा में शराब निकाल कर दे रहे हैं शहर के हर गली मोहल्लों एवं गांवों में जगह-जगह अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है। पूर्व शासनकाल में यहीं हाल था, अब सत्ता परिवर्तन के बाद भी हालात में सुधार नहीं हुआ है। कांग्रेस के सत्ता में रहते कांग्रेसी नेता अधिकारियों से मिली भगत कर अवैध शराब का कारोबार कर रहे थे और अब वर्तमान सरकार के चुनिदा नेताओं की संलिप्तता से कारोबार चल रहा है। बताया जा रहा है कि शराब की सप्लाई में अधिकारी व नेताओं का कमीशन फिक्स है। जिसमें प्रति पेटी कोचियों से 2 सौ रुपए कमीशन लिया जा रहा है। सीसीटीवी बंद कर रात्रि में दुकानों से शराब का खेप कोचियों तक पहुंचाया जा रहा है

**पक्ष एवं विपक्ष दोनों मामले में कर रहे राजनीति**

इस गंभीर मामले पर राजनीतिक दल के नेता कारोबार पर रोक लगाने ठोस कार्रवाई करवाने की बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर वाहवाही लूटने में लगे हैं। शराब का अवैध कारोबार पूर्व सरकार के शासन काल में भी जारी था और अब वर्तमान सरकार के राज में भी जोर-शोर से चल रहा है नेताओं के संरक्षण में ही विभाग के अधिकारी कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं और इससे इनकी भी बल्ले बल्ले है।


**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सामान्य वनमण्डल रायगढ़ ( छ.ग. )**
**नीलाम विज्ञापन**

सर्व सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि रायगढ़ वनमण्डल रायगढ़ के अधीनस्थ काष्ठागार उर्दना रायगढ़ में उपलब्ध ईमारती लकड़ी (काष्ठ, जलाऊ,) एवं बांस का दर्शित तिथि व समय में ई-ऑक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-ऑक्सन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार उर्दना से प्राप्त कर सकते है।

डिपो का नाम - काष्ठागार (उर्दना) रायगढ़
(3) नीलाम दिनांक - 23.12.2024
(4) नीलाम समय - प्रातः 9.00 बजे से प्रारंभ

| अ. क्र. | प्रजाति | पिछला निलाम का शेष वनोपज जो दिनांक 23.12.2024 को रखा जावेगा | | |
|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली नग | डेंगरी नग |
| 01 | 02 | 06 | 07 | 08 |
| 1 | सागौन | 42.587 | 83 | 28 |
| 2 | साल | 260.627 | 181 | 117 |
| 3 | बीजा,शीशम,तिन्सा ,तिन्सा | 33.785 | 0 | 0 |
| 4 | साजा/अर्जुन | 16.634 | 119 | 39 |
| 5 | धावड़ा | 2.137 | 95 | 190 |
| 6 | अन्य | 17.982 | 90 | 231 |
| | योग - | 373.752 | 568 | 605 |
| 7 | सतकठा जलाऊ | 903 | चट्टा | 0 |
| 8 | सागौन जलाऊ | 5 | चट्टा | 0 |
| 9 | व्यापारिक बांस | 45.931 | नो.टन | 0 |

1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटो के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगईन करके देख सकते है

**वनमण्डलाधिकारी**
**रायगढ़, वनमण्डल रायगढ़**

जी-242504537/11



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर ( छ0ग0 )**

रा.प्र०क्र०-202403260500035 / अ-82 / 2022-23
ग्राम-लोलकी, तहसील प्रतापपुर

**ईश्तहार**

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग शूरजपुर
जिला-सूरजपुर (छ) ..................आवेदक

प्रति
छ.ग. शासन ................अनावेदक

ग्राम लोलकी तहसील प्रतापपुर में निर्माणाधीन लोलकी जलाशय योजना के नहर एवं डुबान क्षेत्र में अर्जित की गई भूमि के अधिग्रहण की कार्यवाही भूमि अर्जन, पुर्नवासन और पुर्नव्यस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार (सामाजिक समाघात सहमति तथा जनसुनवाई) नियम 2016 के तहत सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन दल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को गठित विशेषा दल द्वारा जांच पश्चात अभिमत अंकित कर मूल्यांकन प्रतिवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। (मूल्यांकन प्रतिवेदन पृथक से सलग्न है) तदनुसार सामाजिक समाधात निर्धारण हतु विशेषज्ञ दल द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन प्रतिवेदन ईश्तहार के माध्यम से ग्राम लोलकी में प्रकाशित किया जाकर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि संलग्न प्रतिवेदन में उल्लेखित तथ्यों के सबंध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनाक 23/12/2024 तक इस कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/12/2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की पद मुद्रा से उदघोषणा जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा0 )**
**प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर ( छ.ग. )**

जी-242504500/1


# राइस मिलर्स की बैठक में बेहतर समन्वय स्थापित करने की गई चर्चा

**प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन**

**सूरजपुर।** यहां जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में जिले के राईस मिलर्स के साथ बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में कलेक्टर द्वारा सकारात्मक पहल करते हुये मिलर्स के साथ खुला संवाद किया गया और बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए उनके साथ विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बारदाने की उपलब्धता बनाए रखने के लिए उपस्थित मिलर्स ने अपनी सहमति दर्शायी। इसके साथ ही चावल के उपार्जन हेतु गोदाम की उपलब्धता पर चर्चा की गई ताकि एफसीआई का चावल जमा किया जा सके। कस्टम मिलिंग हेतु मिल पंजीयन, अनुबंध और बैंक गारंटी जमा कर डीओ जारी करा कर धान उठाव समय पर किए जाने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सर्व मिलर्स, जिला खाद्य अधिकारी संदीप भगत, जिला प्रबंधक नान समीर तिर्की, जिला नोडल वेयर हाउसिंग नंद लाल चौधरी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरुद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 9713108088
8719000259

# सरगुजा फ्रंटलाइन

# नाबालिगों को दोपहिया वाहन नहीं देने की समझाइश, नहीं माने तो पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई

## स्कूलों में पहुंच कर संस्था प्रमुखों से यातायात व्यवस्था सुचारू बनाने में सहयोग का आग्रह




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन हेतु शिक्षण संस्था के आसपास कार्रवाई करते हुए नाबालिगों को वाहन नहीं चलाने की सख्त हिदायत दी गई, वहीं भविष्य में कार्रवाई करने का संकेत दिया। स्कूल प्रबंधन को परिसर के बाहर एवं आसपास वाहन खड़ा नहीं करवाने निर्देशित किया गया।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज अंकित गर्ग के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल ने शहर के व्यस्ततम सड़कों में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं स्कूली शिक्षण संस्था के आस-पास यातायात व्यवस्था के सुचारू संचालन के उद्देश्य से कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, नगर पुलिस अधीक्षक मानक राम कश्यप, राजेंद्र मांडवी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सीतापुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शुक्रवार को जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों में पहुंच कर यातायात व्यवस्था के संबंध में स्कूल प्रबंधन से चर्चा की गई एवं नाबालिक बच्चों को स्कूल में दोपहिया वाहन नहीं लाने हेतु निर्देशित करने कहा गया। संस्था प्रमुखों को स्कूल परिसर के बाहर एवं आसपास व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के सामने वाहन खड़ा नहीं करवाने सख्त निर्देश दिए गए, जिससे यातायात व्यवस्था बनी रहे एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। दोपहिया वाहन चलाने वाले विद्यार्थियों के स्वजनों को बुलाकर नाबालिक विद्यार्थियों को वाहन नहीं देने की समझाइए दी गई एवं भविष्य में नाबालिक द्वारा वाहन चलाते पाए जाने पर विधिवत यातायात नियमों के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। सरगुजा पुलिस ने आम नागरिकों से आग्रह किया है कि नाबालिक बच्चों को दोपहिया वाहन चलाने के लिए नहीं दें और यातायात नियमों का पालन करके शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने में सहयोग प्रदान करें। कार्रवाई के दौरान रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत, यातायात पुलिस की टीम तथा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी थाना एवं चौकी प्रभारी अपने-अपने स्टाफ के साथ उपस्थित रहे। भविष्य में भी सरगुजा पुलिस द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थाओं के आसपास अभियान चलाया जाएगा।

# एसपी ने पुलिस बल को अनुशासित रहने की दी हिदायत

## जनरल परेड की सलामी लेकर बेहतर टर्न आऊट पर दिया ईनाम



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पुलिस अधीक्षक सरगुजा ने जनरल परेड की सलामी लेकर बेहतर टर्न आऊट वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किया। उन्होंने शासकीय वाहनों की बारीकी से जांच कर वाहनों के बेहतर रखरखाव एवं साफ सफाई के दिशा-निर्देश दिए। परेड के माध्यम से पुलिस बल को अनुशासित रहने की हिदायत दी। शुक्रवार को रक्षित केंद्र में आयोजित जनरल परेड की सलामी पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा ली गई। परेड के निरीक्षण दौरान पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के टर्न आउट का निरीक्षण कर बेहतर वेश-भूषा धारण करने वाले पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को ईनाम देकर प्रोत्साहित किया गया। पुलिस डॉग के खानपान पर विशेष ध्यान देने एवं नियमित अभ्यास कराने के निर्देश डॉग हैंडलर को दिए गए, साथ ही पुलिस डॉग हैंडलर से परेड एवं अन्य अभ्यास कराकर देखा गया। परेड के मधुर धुन के लिए सुसज्जित पुलिस बैंड के संबंध में तैनात जिम्मेदारों से आवश्यक संसाधन की जानकारी ली। रक्षित निरीक्षक को बैंड हेतु अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जनरल परेड में अधिकारियों-कर्मचारियों को टोली वार कूच कराकर ड्रिल कराया गया। पुलिस अधीक्षक ने शासकीय वाहनों की जांच के दौरान कमियों को तत्काल दुरूस्त कराने एवं वाहनों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने कहा। वाहनों के ड्राइवर डायरी अद्यतन रखने की समझाइस दी गई। ड्रिल के पश्चात पुलिस अधीक्षक सरगुजा द्वारा जनरल परेड की सलामी ली गई। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमोलक सिंह ढिल्लो, नगर पुलिस अधीक्षक एमआर कश्यप, रक्षित निरीक्षक तृप्ति सिंह राजपूत सहित समस्त थाना, चौकी एवं कार्यालय से 114 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थिति रहे।

### शिक्षिका और उसके पुत्र के साथ गालीगलौज, मारपीट

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मां को स्कूल छोड़कर घर लौट रहे युवक का रास्ता रोककर तेज गति में गाड़ी चलाने का आरोप लगाते हुए गालीगलौज और जान से मारने की धमकी देकर मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। मोमिनपुरा रिंग रोड में हरसागर तालाब के पास रहने वाले साहिल पिता मो. अलीम फिरदौसी ने पुलिस को बताया है कि 11 दिसम्बर को वह सुबह 10.30 बजे के करीब अपनी शिक्षिका मां को प्राथमिक शाला नवागढ़ में छोड़ने के लिए स्कूटी से गया था। वापस आते समय नवागढ़ में राशिद किराना स्टोर के सामने श्याम विश्वकर्मा अपनी पत्नी व पुत्र-पुत्री के साथ पहले से खडे थे, जो उसका रास्ता रोक लिए और गालीगलौज करते हुए रास्ते से तेज गाड़ी चलाकर जाने की बात कहते हुए हाथ-मुक्का से मारने लगे। युवक तेज गाड़ी नहीं चलाने की बात कहते हुए बीच-बचाव के लिए चिल्लाया तो आसपास के लोग जमा हो गए, इसके बाद भी वे मारपीट करते रहे। इनके द्वारा किए जा रहे अभद्र शब्दों के प्रयोग के कारण कोई भी बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। किसी ने इसकी जानकारी युवक के मां को स्कूल में जाकर दी तो वे अपने स्कूल के कर्मचारी के साथ मौके पर पहुंची। पुत्र के साथ मारपीट होते देख जब वे छुड़ाने लगीं तो चारों उनके साथ भी गालीगलौज करते हुए पत्थर फेंक कर मारने लगे। आरोप है कि इनके द्वारा रिपोर्ट लिखाने पर मां-बेटे को पुनः मारने, किसी मामले में फंसाने और स्कूल आना-जाना छुड़ा देने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी पति-पत्नी और पुत्र-पुत्री के विरुद्ध केस दर्ज करके विवेचना में ली है।

### मंदिर में आग लगाने के मामले में केस दर्ज

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आईटीआई कॉलोनी नेहरू वार्ड में स्थित शिव मंदिर में अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगाकर भगवान कार्तिक व पार्वती माता के मूर्ति को नुकसान पहुंचाने, धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने के मामले में दिए गए लिखित आवेदन पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मंदिर की देखरेख करने वाले आईटीआई कॉलोनी निवासी राजकुमार सोनी पिता स्व. जगरनाथ प्रसाद सोनी 55 वर्ष ने पुलिस को बताया है कि शिव मंदिर में 11 दिसम्बर की रात 11 बजे से 12 दिसम्बर को अलसुबह 4 बजे के बीच अज्ञात व्यक्ति के द्वारा आग लगा दिया गया, जिससे मंदिर में स्थापित कार्तिक भगवान व पार्वती का मूर्ति जल गया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 298, 326 एफ बीएनएस का केस दर्ज कर लिया है।

# शौर्य और बलिदान के प्रतीक शहीद वीरनारायण सिंह

## जनजाति गौरव युवा समाज ने मनाया शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** जनजाति गौरव युवा समाज, अंबिकापुर द्वारा शहीद वीरनारायण सिंह का बलिदान दिवस नमनाकला स्थित वनवासी कल्याण आश्रम में मनाया गया। मुख्य वक्ता जनजाति गौरव युवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष इन्दर भगत ने उनके बलिदान दिवस पर कहा कि शहीद वीरनारायण सिंह छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत, महान योद्धा हैं, उन्हें छत्तीसगढ़ के प्रथम शहीद का गौरव प्राप्त है, ऐसे महान क्रांतिकारी का बलिदान समर्पण और देशभक्ति की शिक्षा प्रदान करता है। गुलामी के काल में 1856 में पड़े भीषण अकाल में 500 से अधिक लोगों को जोड़कर एक टुकड़ी तैयार करके भूखग्रस्त जनता को मुक्ति दिलाने के लिए दमनकारी अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ क्रांति का बिगुल फूंका। देश की स्वाधीनता के लिए लगातार अंग्रेजों से संघर्ष करते रहे। अंग्रेजों ने उन्हें गिरफ्तार करके 10 दिसंबर 1857 को रायपुर स्थित जयस्तंभ चैक में फांसी दे दी। उनका बलिदान छत्तीसगढ़ में देशभक्ति की भावना को जागृत करता है। यह जनजाति समाज के लिए गौरव का विषय है कि शहीद वीर नारायण सिंह जनजाति समाज से थे और जनजाति समाज का स्वाधीनता संग्राम में योगदान का यह श्रेष्ठ उदाहरण है। जनजाति समाज ने सदैव से अंग्रेजों के खिलाफ जहां भी रहे, हर स्थान पर संघर्ष किया है। जब तक देश स्वाधीन नहीं हुआ तब तक अंग्रेजों के खिलाफ जनजाति समाज का संघर्ष सतत रूप से चलता रहा। जनजाति समाज इस देश का प्रहरी, रक्षक और प्राण है। कार्यक्रम में उपस्थित जनजातीय समाज के युवाओं ने शहीद वीरनारायण सिंह के छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा समाज सरगुजा जिला अध्यक्ष पावन पूर्णाहुति भगत, सोनिया मुंडा, दुर्गावती नागवंशी, रिंटू, डॉक्टर पुष्पेंद्र, बलवंत साय, आरती मुंडा, अनीता एक्का, मानमती, विकास, रुपेश, अशोक सिंह, अभय कुमार सिंह, सुनील कुमार, अभिषेक, नरेंद्र पैकरा, गुरु घासीदास ,अचिन पैकरा, प्रदीप सिंह, लक्ष्मीनारायण, प्रेम प्रकाश, कामेश्वर सिंह, मयंक एक्का, गुलशन सिंह, रुद्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

### सब्जी में कीटनाशक मिलाकर खाया, इलाज दौरान मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** एमसीबी जिला के खड़गवां थाना अंतर्गत ग्राम सोस निवासी शिव कुमार आयम पिता शंकर सिंह आयम 30 वर्ष की कीटनाशक के सेवन से मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने पुलिस को बताया कि उसका पति 9 दिसम्बर को रात लगभग 11 बजे शराब के नशे में सब्जी में कीटनाशक दवा डालकर खा लिया था, जिससे उसकी तबियत बिगड़ने लगी। स्वजन उसे संजीवनी 108 से खड़गवां स्वास्थ्य केन्द्र लेकर गए, यहां से रेफर करने पर चिरमिरी अस्पताल पहुंचे। चिकित्सक ने स्थिति खराब देखते हुए युवक को 10 दिसम्बर को रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में उपचार के दौरान 12 दिसम्बर को उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# टीबी मुक्त पंचायत बनाने में युवाओं की सक्रियता जरूरी



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** टीबी मुक्त पंचायत के लिए पहल अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र कुमार गुप्ता व पीरामल फाउंडेशन के राज्य कार्यक्रम प्रबंधक फैसल रजा खान के मार्गदर्शन में पीरामल फाउंडेशन सरगुजा द्वारा सरगुजा के युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में टीबी रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने रोग की पहचान, रोकथाम और उपचार के महत्व को समझाने प्रेरित किया जा रहा है। पिरामल फाउंडेशन की जिला कार्यक्रम समन्वयक सरस्वती विश्वकर्मा ने युवाओं को टीबी रोग के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि टीबी क्या है और यह बीमारी कैसे फैलती है। उन्होंने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है, जो मुख्य रूप से माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया के कारण होती है। यह आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है और शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है। यह रोग मुख्य रूप से संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने या बोलने से फैलता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने की स्थिति में बच्चे और बुजुर्ग संक्रमित हो सकते हैं। खांसते समय मुंह ढकने, संतुलित आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता बनाए रखने के लिए कहा गया। पीड़ितों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बता दें कि टीबी से जुड़े कलंक को दूर करने और रोगियों की समाज में स्वीकार्यता दिलाने को लेकर पीरामल फाउंडेशन सरगुजा टीम के द्वारा युवाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य अभियानों का हिस्सा बनाया जा रहा है। यह पहल न केवल पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने में मदद करेगी, बल्कि युवाओं को नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी प्रदान करेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने और सहयोग प्रदान करने में अंबिकापुर, लखनपुर, उदयपुर और लुण्ड्रा विकासखंड के युवाओं के द्वारा सहयोग किया गया।

# एल्यूमिनाई मीट में ताजा हुई विद्यार्थी जीवन की यादें



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** विद्यार्थी जीवन से भी बड़ा रिश्ता शिक्षक के साथ तब बन जाता है जब वह अपनी सफलताओं के साथ महाविद्यालय परिसर में एल्यूमिनाई के रूप में यादों के बीच आता है। विद्यार्थी और शिक्षक का संबंध शिक्षा के साथ भी है और शिक्षा के बाद भी है। यह बातें श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित एल्यूमिनाई मीट की दौरान प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों की सफलता ही हमारी पहचान है। आज महाविद्यालय परिवार अपने पूर्व विद्यार्थियों के साथ गौरवान्वित है। हमारे विद्यार्थी समाज की दशा और दिशा के लिए लगातार प्रयासरत हैं। डॉ. श्रीवास्तव ने अपने पूर्व विद्यार्थियों की उपस्थिति पर हर्ष प्रकट करते हुए कहा कि आप महाविद्यालय परिवार से हमेशा जुड़े रहें। इससे पहले अतिथियों ने मां सरस्वती और श्री साई नाथ के तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते एल्मुनी सेल के प्रभारी डॉ. आर.एन. शर्मा ने कहा कि प्रत्येक शिक्षा परिसर को अपने एल्मुनी पर गर्व होता है। क्योंकि आपकी सफलता, जीवन आदर्श हमारे विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्पद होगा। उन्होंने कहा कि एल्यूमिनाई से ही महाविद्यालय परिवार का विस्तार होता है। डॉ. शर्मा ने अपने छात्र और अध्येता जीवन के उद्धरण से सभी को प्रेरित किया। सरगुजा विश्वविद्यालय की छात्र संघ अध्यक्ष रहीं दीक्षा अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय परिसर हम सभी के लिए परिवार जैसा रहा। शैक्षिक जीवन के साथ सामाजिक जीवन के लिए यहां से प्रेरणा मिलती है। हम लगातार अपने गुरूजनों से जुड़े हैं। स्नेक मैन सत्यम द्विवेदी ने कहा कि यह परिसर हमें शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों से जोड़ता है। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े सिद्धार्थ सर्राफ ने कहा कि महाविद्यालयीन शिक्षा के बाद हमारी जिम्मेदारी समाज के प्रति बढ़ जाती है। सुयश श्रीवास्तव ने कहा कि यह परिसर अनुशासन के प्रति समर्पित रहा है। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक देवेन्द्र दास सोनवानी और पल्लवी द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्राध्यापक और एल्यूमिनाई के रूप में अमित सोनी, सुमन मिंज, कमलेश साहू, दीपक तिवारी, अभिषेक कुमार, चांदनी व्यापारी, लाइबा आफरीन, साक्षी अग्रवाल उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करके विधायक ने जनहित की जरूरतों से अवगत कराया



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** विधायक अंबिकापुर राजेश अग्रवाल ने रायपुर प्रवास के दौरान स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल से मुलाकात करके स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुधार को लेकर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं से संबंधित जरूरतों को साझा करते हुए अपनी मांगों से अवगत कराया। उन्होंने अंबिकापुर अस्पताल के लिए 109 करोड़ रुपये स्वीकृत होने पर स्वास्थ्य मंत्री का आभार प्रकट किया। बातचीत के दौरान जनहित से जुड़े अन्य विषयों पर भी विमर्श किया गया।

## यातायात नियमों का पालन करें, नहीं तो होगी एमव्ही एक्ट की कार्रवाई




**छ.ग.फ्रंटलाइन जरही।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के दिशा-निर्देश में जिले के सभी थाना, चौकी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने व दुर्घटना में कमी लाने हेतु वाहन चेकिंग एवं नियम विरुद्ध चलने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में चौकी खडगवां के द्वारा ग्राम केरता शक्कर कारखाना में चलित थाना का आयोजन किया गया, जिसमें सभी किसानों एवं ट्रैक्टर व ट्रक ड्राइवरों को पूर्ण दस्तावेज लेकर चलने की समझाइए दी गई। वाहन चलाते समय मोबाइल, नशा का उपयोग नहीं करने, धीरे चलने एवं वाहन के नंबर प्लेट नंबर स्पष्ट लिखा रहे, इसका ध्यान रखने कहा गया। ट्रॉली में रेडियम लगवाने की समझाइश दी गई। नियम का पालन नहीं करने पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई। इस मौके पर चौकी प्रभारी योगेंद्र जायसवाल एवं आरक्षक अशोक कन्नौजिया, हरिशंकर सिंह एवं शक्कर कारखाना के स्टाफ, किसान व ड्राइवर उपस्थित थे।

## सुशासन का एक साल, छत्तीसगढ़ हुआ खुशहाल

### चिकित्सा महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ सरकार के 01 वर्ष पूर्ण होने उपरांत राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 13 दिसम्बर को महाविद्यालय में अध्ययनरत एमबीबीएस के छात्र-छात्राओं के बीच भाषण व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा नेता आलोक दुबे, पार्षद रिंकु वर्मा, विशिष्ट अतिथि कैलाश मिश्रा सांसद प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं डॉ. रमेश चन्द्र आर्या प्रभारी अधिष्ठाता, डॉ. रंजना सिंह आर्या संचालक सह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष एनाटॉमी विभाग, डॉ. करिश्मा सिंह प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष फिजियोलॉजी विभाग, डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव, प्राध्यापक बायोकेमिस्ट्री विभाग, डॉ. आभा एक्का सह प्राध्यापक कम्युनिटि मेडिसिन विभाग, डॉ. मनीष गोयल सह प्राध्यापक फिजियोलॉजी विभाग, आकाश राज वर्मा टेक्निशियन कम प्रदर्शक कम्युनिटि मेडिसीन विभाग व अन्य चिकित्सा शिक्षक उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता ने की। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार एमबीबीएस बैच 2020 की छात्रा कविता सिंह एवं द्वितीय पुरस्कार एमबीबीएस बैच 2024 के छात्र सौम्य कुमार पैकरा ने प्राप्त किया। इसी क्रम में विभिन्न कार्यक्रम रंगोली, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 17 दिसम्बर तक किया जाना है।

# सरस्वती महाविद्यालय में नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** नगर के सरस्वती महाविद्यालय सुभाषनगर में शुक्रवार को छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए नृत्य एवं गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की छाया प्रति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीपी तिवारी ने छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि विद्यार्थियों को अपनी कला का विकास करना चाहिए। ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों की कला का प्रदर्शन होता है और वे अपनी कला को आगे बढ़ा सकते हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 ( छत्तीसगढ़ ) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर